दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 26 | सीकर, मंगलवार 24 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# किसान कर्ज माफी से केंद्र सरकार ने इनकार किया

## कहा- कोई योजना नहीं; राजस्थान के किसानों पर 1.92 लाख करोड़ का कर्ज बाकी

जयपुर/दिल्ली।

केंद्र सरकार ने राजस्थान सहित देशभर के किसानों का कर्ज माफ करने से इनकार कर दिया है। लोकसभा में आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल के किसान कर्ज माफी के सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जवाब दिया। उन्होंने बताया कि किसानों की पूर्ण कर्ज माफी के लिए योजना तैयार करने संबंधी कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। राजस्थान के किसानों पर 31 दिसंबर 2025 तक कुल 1 लाख 92 हजार 293 करोड़ रुपए का कर्ज बकाया था। राजस्थान में किसानों पर कॉमर्शियल बैंकों का 1 लाख 44 हजार 192 करोड़ रुपए, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का 30,069 करोड़ और सहकारी बैंकों का 18,032 करोड़ रुपए बकाया है। सबसे ज्यादा कर्ज कॉमर्शियल बैंकों का बकाया है। पिछले तीन साल से किसानों का कर्ज सालाना 15 फीसदी की दर से बढ़ा है।

### पूरे देश में किसानों पर 31.34 लाख करोड़ कर्ज

पूरे देश में किसानों पर 31.34 लाख करोड़ का कर्ज बकाया है। राजस्थान के किसानों पर देश के सभी राज्यों के कुल किसान कर्ज का करीब 6% के आसपास हिस्सा है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बताया- कृषि के अलावा सहायक एक्टिविटी के लिए किसानों को दिए जाने वाले कम अवधि के कर्ज की सीमा 1.60 लाख से बढ़ाकर 2.00 लाख की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के माध्यम से फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से जमीन धारक किसानों को डायरेक्ट कैश ट्रांसफर किया जाता है।

### किसानों पर बकाया कर्ज में राजस्थान देश में छठे नंबर पर

किसानों पर बकाया कर्ज के मामले में राजस्थन देशभर में छठे नंबर पर है। देश में सबसे ज्यादा कर्ज तमिलनाडु के किसानों पर बकाया है, तमिलनाडु देश में पहले स्थान पर, जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, महाराष्ट्र तीसरे, कर्नाटक चौथे, यूपी पांचवें स्थान पर है। तमिलनाडु के किसानों पर कुल 5.06 लाख करोड़ कर्ज बकाया है। आंध्र प्रदेश के किसानों पर 3.75 लाख करोड़, महाराष्ट्र के किसानों पर 3.07 लाख करोड़, कर्नाटक के किसानों पर 2.10 लाख करोड़ और राजस्थान के किसानों पर 1.92 लाख करोड़ का कर्ज बकाया है। राजस्थान के बाद तेलंगाना का नंबर है, जिसके किसानों पर 1.75 लाख करोड़ का कर्ज बकाया है।



### हर साल कर्ज बांटने का आंकड़ा बढ़ रहा

केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने जवाब में बताया- किसानों को कर्ज बांटने का आंकड़ा हर साल बढ़ रहा है। 2022-23 से किसानों को कर्ज बांटने में सालाना 15 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। राजस्थान में साल 2022-23 में किसानों को 1,41,612 करोड़, 2023-24 में 1,53,593 करोड़ और 2024-25 में 1,68,545 करोड़ के कर्ज बांटे गए।

# ईरान जंग पर मोदी बोले : असर लंबा रह सकता है

## हमें तैयार रहना होगा, कोरोना में भी ऐसा संकट झेल चुके, एकजुटता हमारी पहचान



नई दिल्ली।

पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा। पीएम ने कहा- हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है। पीएम ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

### पीएम बोले- होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं

पीएम मोदी ने संसद में युद्ध को लेकर देश का स्टेंड पर भी बात की। उन्होंने कहा तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है। नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

### तेल-गैस संकट पर

पिछले एक दशक में भारत ने संकट के समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को प्राथमिकता दी है। आज हमारे पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है। इसे बढ़ाकर 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक करने का काम चल रहा है। हमारी तेल कंपनियां अलग स्टोरेज रखती हैं।

### संकट की तैयारी को लेकर

इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है।

# झुंझुनू केंद्रीय सहकारी बैंक की अपील 30 मार्च तक फसली ऋण चुकाने पर मिलेगा ब्याज अनुदान

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा किसानों के हित में महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए अल्पकालीन फसली ऋण धारकों से समय पर ऋण चुकाने की अपील की गई है। बैंक के प्रबंध निदेशक संदीप शर्मा ने बताया कि ब्याजमुक्त फसली ऋण योजना के तहत नियमित श्रेणी के किसानों को संपूर्ण ब्याज राशि अनुदान के रूप में दी जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ2025 के दौरान वितरित 1.50 लाख रुपये तक के अल्पकालीन फसली ऋणों का यदि किसान 30 मार्च 2026 तक 31 मार्च को अवकाश होने के कारण भुगतान कर देते हैं, तो उन्हें 7 प्रतिशत ब्याज राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। इसका अर्थ है कि समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों से किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाएगा। बैंक प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह योजना केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से ग्राम सेवा सहकारी समितियों द्वारा लागू की जा रही है। ऐसे में जिन किसानों ने खरीफ2025 में फसली ऋण लिया है, वे निर्धारित तिथि से पहले अपने संबंधित समिति या बैंक शाखा में ऋण जमा कर योजना का लाभ उठाएं। बैंक ने सभी पात्र किसानों से आग्रह किया है कि वे समयसीमा का ध्यान रखते हुए अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# भाजपा सरकार के इंतजारशास्त्र की भेंट चढ़ रहा राजस्थान का भविष्य : गहलोत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिसंबर 2023 से राजस्थान में इंतजारशास्त्र की स्थिति बनी हुई है। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के जनहितकारी प्रोजेक्ट्स को जानबूझकर रोका जा रहा है, जिससे लागत बढ़ने के साथ आमजन को नुकसान उठाना पड़ रहा है। गहलोत ने जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज का उदाहरण देते हुए कहा कि संस्थान की भव्य इमारत वर्ष 2024 में तैयार हो चुकी है, लेकिन सरकार इसे शुरू करने से कतरा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर सवाल उठाया कि क्या महात्मा गांधी के नाम के कारण इसे शुरू नहीं किया जा रहा। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2022 में करीब 233 करोड़ रुपए की लागत से इस संस्थान की नींव रखी गई थी, जिसे टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज और पुणे के एमआईटी की तर्ज पर विकसित किया जाना था। इसका उद्देश्य युवाओं को सुशासन और सामाजिक विज्ञान में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व शोध के अवसर प्रदान करना है। इसके लिए अधिनियम पारित कर इसे स्वायत्त संस्थान का दर्जा भी दिया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान किसी एक दल के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए बनाए जाते हैं। गांधीजी के नाम और उनके आदर्शों से राजनीतिक द्वेष रखना संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है और युवाओं के साथ अन्याय है। गहलोत ने मांग की कि सरकार राजनीति से ऊपर उठकर संस्थान को जल्द शुरू करेए अन्यथा जनता समय आने पर इसका जवाब देगी।

# भोलेनाथ पर अटूट विश्वास ही सबसे बड़ी साधना : प्रदीप मिश्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड पर जयपुर परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के प्रवचनों को सुनने हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। भजनों और जयकारों के बीच पांडाल में कुंभ मेले जैसा माहौल रहा। कथा में पंडित मिश्रा ने कहा कि भोलेनाथ केवल सच्चे भाव के भूखे हैं, आडंबर के नहीं। सच्चे मन से ओम नमः शिवाय का जप या एक लोटा जल अर्पण भी फलदायी होता है। उन्होंने आंतरिक शुद्धता, अहंकार त्याग और सच्चे कर्म को ही सच्ची शिव साधना बताया। शिव-पार्वती संवाद और माता पार्वती की तपस्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने अटूट श्रद्धा का महत्व बताया। साथ ही शरीर पर तिल को पिछले जन्म के कर्म, भाग्य और व्यक्तित्व का संकेत बताते हुए काले तिल से शिव पूजन को शनि, राहु-केतु दोष व आर्थिक समस्याओं के निवारण में उपयोगी बताया। मंच से विभिन्न श्रद्धालुओं के अनुभव भी साझा किए गए, जिनमें कथा श्रवण और जल अर्पण से जीवन में सकारात्मक बदलाव के उल्लेख किए गए। पंडित मिश्रा ने आयोजन समिति की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री व मनोज पांडे को बधाई दी। कथा का समापन आरती के साथ हुआ। आयोजकों के अनुसार कथा 26 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी।

# एक्सिस बैंक राजस्थान में 10 लाख देशी पौधे लगाए जाएंगे

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर परएएक्सिस बैंक ने राजस्थान में प्रकृति को फिर से हरा-भरा बनाने की अपनी मुहिम के जरिए पर्यावरण को सुरक्षित रखने और जंगली जानवरों-पौधों की रक्षा करने का वादा दोहराया। इस पहल में 10 लाख देशी पौधे लगाने और राज्य के कमजोर इलाकों में जंगल और जमीन को फिर से हरा-भरा बनाने का काम शामिल है। एक्सिस बैंक के होलसेल बैंक कवरेज, कॉर्पोरेट सैलरी, सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर विभाग के ग्रुप एग्जीक्यूटिव विजय मुलबागल ने कहा कि प्रकृति बचाने वाली हमारी मुहिम न केवल जंगल और जानवरों की सुरक्षा करती है, बल्कि उन समुदायों की भी मदद करती है जो अपनी आजीविका के लिए इन जंगलों और जमीनों पर निर्भर हैं। भारत के कमजोर और संवेदनशील इलाकों में लंबे समय तक चलने वाली और स्थानीय लोगों को शामिल करने वाली पहलों के जरिए, हमारा लक्ष्य देश की जलवायु और प्रकृति की सुरक्षा को आगे बढ़ाना और समाज व पर्यावरण दोनों के लिए स्थायी लाभ बनाना है।

# वन अधिकारी चालीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने कार्रवाई करते हुए श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अशोक सिंह को चालीस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया कि उसकी फर्म को वन विभाग की रायसिंहनगर रेंज के अंतर्गत दो अलग-अलग माइनरों छोटी नहरों से पेड़ों के ठूंठ निकालने का ठेका मिला था। इस कार्य के पूर्ण होने पर एनओसी जारी करने की एवज में आरोपी अधिकारी ने एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत नहीं देने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने और एनओसी जारी नहीं करने की धमकी देकर आरोपी परिवादी को परेशान कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रेप की योजना बनाई। इस कार्रवाई भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में की गई। इस दौरान पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र कुमार एवं एसीबी टीम ने आरोपी को परिवादी से चालीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस पूरी कार्रवाई एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक एस परिमला के सुपरविजन में की गई।



# ऑटो रिक्शा चालक ने विदेशी महिला से गालियां बुलाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पर्यटक थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो के आधार पर विदेशी महिला से गाली-गलौज करवाने वाले ऑटो चालक को हिरासत में लिया है। थानाधिकारी मंजू कुमारी ने बताया कि गत 20 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर हुआ था। जिसमें एक ऑटो रिक्शा चालक विदेशी महिला के साथ अश्लील शब्द बोलता दिख रहा था। वह हंसते हुए महिला से इन शब्दों को दोहराने की कह रहा था। उनके अर्थ से अनजान महिला इन शब्दों को सामान्य बातचीत का हिस्सा समझकर बोलती रही। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक की तलाश शुरु की और चारदीवारी क्षेत्र में सैकड़ो ऑटोरिक्शा चालकों से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक मोहम्मद सोहेल 31 निवासी सूरजपोल गलतागेट को चिन्हित कर उसे दबोच लिया। थानाधिकारी मंजू कुमारी ने बताया कि करीब 10 दिन पहले जर्मनी से एक महिला घूमने के लिए जयपुर आई थी। ऑटो रिक्शा में परकोटा घूमते समय आरोपी सोहेल ने विदेशी महिला को समझ नहीं आने वाले अपशब्द बुलवाए। इसका वीडियो महिला ने अपने मोबाइल से बनाया था। जर्मनी लौटने के बाद महिला ने उसको सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। एक्स ट्विटर पोस्ट के जरिए यह वीडियो पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने विदेशी महिला से संपर्क कर वीडियो डिलीट करवा दिया है।

# एएसआई 12 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने कार्रवाई करते हुए भरतपुर जिले के रूपवास थाना क्षेत्र में तैनात सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार को 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि भरतपुर एसीबी चौकी को शिकायत मिली थी कि परिवादी के भाई के खिलाफ दर्ज मुकदमे में नाम निकालने की एवज में आरोपी एएसआई रिश्वत की मांग कर रहा था और परेशान कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में ट्रेप कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी प्रवीण कुमार को 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव और महानिरीक्षक एस परिमला के सुपरविजन में की गई। आरोपी से पूछताछ जारी है।

# नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित




निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** कस्बे के जांगिड़ हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेंटर में सोमवार को नि:शुल्क बोन मिनरल डेंसिटी जांच शिविर आयोजित किया गया। इस बी एम डी शिविर में दूर दराज से आए हुए 72 मरीजों के अस्थि घनत्व की जांच की गई । जिन मरीजों की बी एम डी कम थी उनको डॉ राजेश जांगिड़ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. मौसमी दंत रोग विशेषज्ञ ने कैल्सियम एवं विटामिन डी 3 की जानकारी देते हुए । मरीजों को संतुलित आहार, दूध सेवन, फल, मेवे, खजूर एवं धूप से हड्डियों को मजबूत बनाने की सलाह दी। मरीजों को योग, व्यायाम एवं ध्यान से हड्डियों को मजबूत बनाने की सलाह दी ताकि कमर दर्द, जोड़ दर्द एवं संभावित फ्रैक्चर से बचा जा सके । इस शिविर में रमेश, दीपेंद्र, तेजवीर, रणवीर, रोहन, रामस्वरूप, विक्रम सिंह, समर्थ आदि ने सहयोग किया।

## कोबरी-सार



# तहसीलदार के नेतृत्व में हटाया अतिक्रमण



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा के राजस्व गांव डूंगर बालाजी में नानूसिंह, हनुमान सिंह, भोलाराम रायका आदि ग्रामीणों द्वारा पंचायत को प्राप्त शिकायत के अनुसार गांव के बीच में सरकारी आबादी भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा तारबंदी की शिकायत पर ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस की कार्यवाही की गई। साथ ही अतिक्रमी के कब्जा हटाने को इंकार होने पर ग्राम पंचायत के लिखित निवेदन के अनुसार सुजानगढ़ के उपखंड अधिकारी द्वारा सुजानगढ़ तहसीलदार गिरधारी पारीक को मौका मजिस्ट्रेट नियुक्त कर अतिक्रमण हटाने हेतु आदेशित किया गया। जिस बाबत सदर थाने की सब इंस्पेक्टर गीत रानी, ग्राम विकास अधिकारी की अगुवाई में जाब्ता ने साथ होकर पंचायत द्वारा चले जेसीबी की सहायता से तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाया। प्रशासक सविता राठी, पूर्व पंच भागुसिंह, प्रकाश स्वामी पंच, दुर्ग सिंह, नरपत सिंह, हनुमान मेघवाल, मुकेश गोदारा पटवारी, भंवरलाल, संजय नायक आदि इस दौरान मौजूद रहे।

# कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** गांव कल्याणपुरा में गणगौर मेले में देर शाम तक कुश्ती दंगल आयोजित किया गया जिसमें अंतिम कुश्ती 21 हजार रूपए की करवाई गई। जिसमें राजस्थान केशरी पहलवान छगन मीणा, खद्दुंदरा और मोहित बागपत के बीच कड़े संघर्ष के बाद मुकाबला बराबरी पर छुटा, और गांव वालों ने राजस्थान केशरी बनने पर पहलवान छगन मीणा खद्दुंदरा का साफा पहना कर सम्मानित किया। दंगल में दिल्ली, चूरू बागपत और गोपाल अखाड़ा गणेसर, कर्म योगी अखाड़ा कल्याणपुरा के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले। महिला पहलवानों की कुश्ती भी करवाई गई। मेला कमेटी में सहयोगकर्ता,शीशराम तेतरवाल के नेतृत्व में सांवरमल छिछोलिया, विनोद, अशोक, दीपेंद्र, सुनील, मुकेश, देवी सहाय, गोपाल, सुरेशसामोता, ओर कोच नेतराम के सहयोग से दंगल में व्यवस्था और प्रबंधन करने में मुख्य सहयोग रहा। मेला कमेटी ने मेले में दिए गए सहयोग के लिए सभी गांव वासियों का धन्यवाद किया।

# शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को दी श्रद्धांजलि



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** जन अधिकार सेना हिंदुत्ववादी सामाजिक संगठन द्वारा आज महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ष्शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का बाकी यही निशां होगा। उन्होंने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए युवाओं से राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा तहसील सचिव अशोक पंचारिया, मोहित यादव, सुनील यादव, गिरधारी झोरड़ा, सुखवंत सिंह, उमेश रमानी, सागर रमानी, पुखराज नाई सहित कई गणमान्य नागरिक एवं देशभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# कंप्यूटर टंकण परीक्षा कल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर जिले में क्रीड़ा पदक विजेता एवं मृताश्रित राज्य कर्मचारियों मृतक राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति के पश्चात ली जाने वाली कंप्यूटर टंकण गति परीक्षा 25 मार्च 2026 बुधवार को यति पब्लिक स्कूल, पवनपुरी बेनाड़ रोड, बालाजी विहार-25 झोटवाड़ा जयपुर में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर-पूर्व नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी 24 मार्च 2026 को शाम 5 बजे तक जिला कलक्टर जयपुर के कमरा नंबर-149 में संस्थापन अधिकारी कक्ष से प्रवेश पत्र की डुप्लीकेट प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

# शिक्षिका नीलम मुकेश को मिला राजस्थान मानव सेवा सम्मान रत्न

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** प्रतिभाशाली शिक्षिका नीलम मुकेश को जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में श्राजस्थान मानव सेवा सम्मान रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजस्थान पीपीजेएमएस ग्रुप द्वारा सेंट्रल पार्क जयपुर में एक समारोह में अध्यक्ष जीएल यादव व फिल्म अभनेता बिंदु दारासिंह के कर कमलों से दिया गया। इससे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। यह अवॉर्ड उन्हें आध्यात्म, समाज सेवा, जनकल्याण व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रदान किया गया। समारोह में प्रदेशभर से आए शिक्षाविदों, समाजसेवियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में नीलम मुकेश को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नीलम मुकेश लंबे समय से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे बालिका शिक्षा, जागरूकता अभियानों और सामाजिक सुधार के कार्यों में लगातार योगदान दे रही हैं, जिसके चलते उन्हें यह सम्मान मिला। सम्मान मिलने पर नीलम मुकेश ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे आगे भी शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती रहेंगी। इस उपलब्धि पर झुंझुनू क्षेत्र के लोगों, सहकर्मियों व विद्यार्थियों ने खुशी जताई है।

# भगतसिंह राष्ट्र वाद की धधकती हुई ज्वाला थे : पवन कुमार



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** नियमित योग क्लास में योग साधकों ने पवन कुमार राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति के सानिध्य में शहीदे आजम भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव का 95 वाँ शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये एवं दीप प्रज्वलन कर माँ भारती के उन वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पवन कुमार ने कहा कि शहीदे आजम भगतसिंह राष्ट्र वाद की धधकती हुई ज्वाला थे उनका दिया हुआ नारा इंकलाब जिंदाबाद आज भी हमारी रगो में खून गर्म कर देता है और हमें नई ऊर्जा देता है। इस अवसर पर सभी साधकों ने 101 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कर उस माँ भारती के उन वीर सपूतों को नतमस्तक किया। इस अवसर पर बजरंग सिंह शेखावत, रामनिवास जिनोलिया, संजय अग्रवाल, जीतेन्द्र कुमार, डॉ सम्पत बारूपाल, ओमप्रकाश मीणा, रजनी जिनोलिया, मीनू अग्रवाल, महर्षि दयानन्द महिला जिला योग समिति की जिला प्रभारी सुनीता बेनीवाल भी उपस्थित रहे।

## सात दिनों तक चलेगा विशेष राजयोग शिविर

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र पर 25 से 31 मार्च तक सबह शाम 7 दिवसीय विशेष राजयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। बालकिशन पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उड़ीसा से बीके सुप्रिया बहन आध्यात्मिक संदेश देंगी। बीके सुप्रिया 50 वर्षों से ब्रह्माकुमारीज में समर्पित जीवन व्यतीत कर रहे है। बालकिशन पारीक ने अधिक से अधिक लोगों से इस विशेष राजयोग शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# केडिया ने गौशाला को दिया एक लाख का सहयोग



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** क्षेत्र की पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गौशाला में भामाशाहों का सहयोग लगातार जारी है। इसी क्रम में द्रोपदी देवी पत्नी रामनिवास केडिया ने गोसेवा के लिए एक लाख रुपए की राशि भेंट कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह बुगालिया व विजयपाल सिंह ने बताया कि इसके अलावा बजरंगलाल शर्मा के पुत्रों गुगनराम, हजारीलाल, द्वारकाप्रसाद, महेंद्र कुमार ने 51 हजार व राकेश माहिच ने 31 हजार रुपए का सहयोग दिया है। इसके अलावा हरचंदराम बुगालिया, महेश पुत्र बीरबलराम, सरदाराराम कुमावत आदि ने भी यथा सहयोग दिया। दानदाताओं द्वारा दी गई इस सहयोग राशि का उपयोग गौशाला में गायों के चारे, पानी व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही गौशाला का संचालन सुचारू रूप से संभव हो पाता है। इस अवसर पर गौशाला समिति के सदस्यों ने दानदाताओं व उनके परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के योगदान से न केवल गौसेवा को मजबूती मिलती है बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। गौ सेवा समिति ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से बताया।

# अमर क्रांतिकारी शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** भाजपा कार्यकर्ताओं व लोगों ने सोमवार को शहीदी दिवस के अवसर पर कस्बे में साहवा रोड स्थित शहीद भगतसिंह के स्मारक पर पहुंचकर अमर क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह, सुखदेव सिंह व राजगुरू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष जसवंत स्वामी, शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल, नरेश सहारण, लीलाधर प्रजापत, हरि इंदौरिया, कृष्ण सहारण, वीरबहादुर राठौड़, नंदू पटीर, मुकेश शर्मा, त्रिलोक रैगर, मनोहर सेनी, अशोक जांगिड़, पुष्कर शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे।

# चना खरीद पोर्टल ठप, किसानों ने जताया विरोध



निसं

**मलसीसर (नवयत्न)।** मलसीसर तहसील में चना तुलाई के टोकन बंद होने से नाराज किसानों ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और पोर्टल को पुनः शुरू करने की मांग उठाई। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के तहसील सचिव कॉमरेड महिपाल पूनिया ने बताया कि 20 मार्च को पोर्टल पर चने की तुलाई के लिए टोकन जारी होने शुरू हुए थे लेकिन उसी दिन इसे बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस बार क्षेत्र में चने की बंपर पैदावार हुई है, इसके बावजूद पोर्टल पर मात्र 1000 क्विंटल के टोकन ही जारी किए गए, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही पोर्टल दोबारा शुरू नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

एसडीएम की अनुपस्थिति में किसानों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान किसान सभा तहसील उपाध्यक्ष प्रमोद स्वामी बाडेट, ककड़ेऊ सरपंच रामप्रताप खेदड़, सुरेन्द्र सिहाग, हरिराम, कमल खीचड़, पवन खोहरी, शाहिद खान, पूनम चंद, बजरंग लाल कसवां, कन्हैयालाल सैनी, दीपक सामरिया, दिनेश दायमा, सज्जन सहित कई किसान मौजूद रहे।

# अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहीद दिवस के अवसर पर एस. एफ. आई. द्वारा राजकीय सुजला महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। छात्र नेता गौरव स्वामी एवं नारायण शर्मा ने शहीदों के जीवन तथा उनके विचारों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि उनका बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त एवं न्यायपूर्ण समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश की एकता, समानता एवं न्याय के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

# केशवानन्द के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर (नवयत्न)।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान, भढाढर, सीकर के छात्र भवानी शंकर बाना का 69वीं राष्ट्रीय रग्बी फुटबॉल 19 वर्ष छात्र प्रतियोगिता जो दिनांक 06.04.26 से 07.04.26 तक भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित होने जा रही है, में चयन हुआ है। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी महेन्द्र सहारण ने बताया कि चयनित खिलाड़ी का पूर्व प्रशिक्षण शिविर दिनांक 29.03.26 से 02.04.26 तक कृष्ण राउमावि फतेहपुर शेखावाटी, सीकर में आयोजित होगा। साथ ही तीरंदाजी में संस्थान की छात्रा लाजो का अंडर 13 मिनी जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप जो गंटूर आंध्रप्रदेश में 26-03-26 से 7-04-2026 तक आयोजित होगी, में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। इस शानदार उपलब्धि पर संस्था निदेशक रामनिवास ढाका, चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह एवं कैम्पस हैड राहुल ढाका, प्रधानाचार्य डॉ विजेंद्र सिंह मलिक ने खेल प्रशिक्षक नरेश श्योराण व भोंज सुंडी व खिलाड़ियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## मधुमक्खियों के हमले में 12 लोग हुए घायल



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव मींगना में मधुमक्खी के हमले मे 12 लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह मींगना गांव मे तालाब के पास काम करते समय मनरेगा मजदूरों पर मधु मक्खीयो ने हमला कर दिया। पीड़ितों को ग्रामीणों तथा टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार तथा अन्य की सहायता से सुजानगढ़ अस्पताल लाकर इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। पीड़ितों मे भागीरथ सिंह, रामसिंह, हरिसिंह, भागीरथ सिंह, रतन सिंह, राधा कँवर, महावीर सिंह, हुकम सिंह, छगन कंवर, पूजा कंवर, राजू सिंह, संदीप सिंह, निवासीगण मींगणा के नाम शामिल हैं। महावीर सिंह की स्थिति गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। महावीर सिंह को काफी ज्यादा डंग लगे थे।

# सारोठिया की स्कूल में इन्वर्टर भेंट



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव सारोठिया के सीतादेवी तोषनीवाल उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में भामाशाह द्वारा इन्वर्टर भेंट किया गया है। संस्था प्रधान श्याम सुन्दर पारीक ने बताया कि ग्राम सारोठिया निवासी एवम् हनुमानगढ़ प्रवासी दानाराम कुचेरिया द्वारा स्कूल में इन्वर्टर भेंट किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पप्पूराम मीणा ने भामाशाह परिवार द्वारा प्रदत्त सहयोग की भूरी भूरी प्रसंशा की तथा दान के महत्व को प्रतिपादित किया। कार्यक्रम बतौर विशिष्ट अतिथि राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी में विद्यालय के भौतिक संसाधनों में ग्रामजनो के सहयोग को अपेक्षित बताते हुए विद्यालय परिवेश को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत सूबेदार किसनाराम जाखड़, सुरेश कुमार प्रजापत आदि उपस्थित रहे। नेमाराम बावरी, प्रभुराम शेरडिया, बाबूलाल पिलानिया, प्रेमाराम, संतोष कुमारी, प्रतिभा सिंह आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

छात्राओं भगवती, मोनिका, नीता, सरबती, राधिका आदि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संचालन नेमाराम बावरी ने किया।

# महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** सोनी नर्सिंग कोचिंग सेंटर, तारानगर में सोमवार को नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की सदस्य कविता द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को आत्म सुरक्षा, जागरूकता एवं समाज में उनकी भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। सेमिनार के दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के सदस्यों ने नर्सिंग विद्यार्थियों को वर्तमान समय में सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने, आपातकालीन परिस्थितियों में उचित कदम उठाने तथा महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने भी इस सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने प्रश्नों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के संचालक राजीव कुमार सोनी ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेमिनार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं और उन्हें भविष्य के लिए बेहतर रूप से तैयार करते हैं।


# श्रीराधाकृष्ण आवास योजना के अंतर्गत 39 वां आवास सौपा

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** रोड़ा गांव में बिना पक्की छत वाले परिवारों के मकान निर्माण के लिए श्री राधाकृष्ण आवास योजना सेवा पथ पर अग्रसर है। श्री राधाकृष्ण आवास योजना के अंतर्गत 39 वां आवास आज ओम प्रकाश पुत्र स्व मोहन राम जी मेघवाल को भगवान श्री राधाकृष्ण के प्रसाद के रूप में समर्पित किया गया। प. शिव नारायण कठातला ने मंत्रोच्चरण करके पूजन करवाया गया। हनुमान प्रसाद, नारायण बागड़ी व ऋषि राज सिंह राठौड़ ने भगवान गणेश की पूजा करके नवनिर्मित आवास ओम प्रकाश पुत्र मोहन राम मेघवाल के परिवार को सुपुर्द किया गया। आनन्द कुमार मल ने सोशल मीडिया द्वारा सभी सहयोगकर्ता को धन्यवाद दिया। मूलचन्द मेघवाल, सत्य नारायण करनाणी, महावीर चांडक, निवास बागड़ी, माल चन्द सारस्वत, गोविन्द राम डूडी, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, पाबू राम मेघवाल, मांगी लाल मेघवाल, नारायण मेघवाल, अमाना राम मेघवाल ने राधा कृष्ण आवास योजना को धन्यवाद दिया। राघव मल, सौरव मनिहार, जयन्त मल, ने प्रसाद वितरण किया गया। लाभार्थी ओमप्रकाश ने आवास योजना को धन्यवाद दिया। श्री राधा कृष्ण आवास योजना लाभर्थियों के जीवन मे सुख शान्ति तथा उज्वल भविष्य की कामना करता है। सदैव अपने संकल्पित सेवा पथ पर आगे बढ़ रही है।

## चौमूं में बनेगा बावलिया बाबा का भव्य मंदिर



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** शेखावाटी के जाने माने संत पं गणेश नारायण बावलिया बाबा का चौमूं क्षेत्र में भी एक भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। मंदिर निर्माण की घोषणा के बाद श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर निर्माण को लेकर स्थानीय भक्तों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया। इस दौरान बताया गया कि मंदिर को भव्य स्वरूप दिया जाएगा ताकि यह क्षेत्र के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन सके। बावलिया बाबा के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा है और दूर-दूर से भक्त उनके दर्शनों के लिए आते हैं। चिड़ावा, बुगालाधाम, घोड़ीवारा, अजीतगढ़, नवलगढ़, बांसा, मुंबई, हैदराबाद सहित विभिन्न स्थानों पर बाबा से जुड़ी धार्मिक गतिविधियां लगातार आयोजित होती रही हैं, जिससे उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मंदिर निर्माण में स्थानीय लोगों का सहयोग लिया जाएगा और जल्द ही निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पानी एवं अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर बनने से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। मंदिर निर्माण को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल है और सभी लोग इसे जल्द पूरा होते देखने को उत्सुक हैं।

## बच्चों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** स्थानीय बचपन स्कूल लाडनूँ में शहीद दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रोल प्ले प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने महान क्रांतिकारियों के जीवन को जीवंत रूप में दर्शाया। इस रोल प्ले में मनन कठौतिया, गर्वित जांगिड़ एवं अर्हम जैन ने शानदार अभिनय कर सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय की प्रिंसिपल हर्षिता जैन ने बच्चों को शहीद भगत सिंह के जीवन, उनके त्याग और देशप्रेम के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी। साथ ही, स्टाफ सदस्य कैलाश बेरा का इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा, जिन्होंने बच्चों को रोल प्ले के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। यह कार्यक्रम बच्चों में देशभक्ति और महान शहीदों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का एक प्रेरणादायक प्रयास रहा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की बैठक आयोजित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं झुंझुनू जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि की अगुवाई में जिले के सभी मंडलों में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान की बैठक कुलौद ग्रामीण मंडल के दोरासर स्थित बजरंग बाल निकेतन स्कूल परिसर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांभू, अभियान के जिला सह संयोजक राकेश शर्मा, भाजपा जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, जिला प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश सुरा, आई टी संयोजक सौरभ सोनी, मंडल अध्यक्ष अनुपम जाखड़ के द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम गीत के साथ की गई। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांभू ने पार्टी की रीति-नीति व विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूती देने पार्टी हित में हमेशा सक्रिय रहने की बात पर बल दिया। कार्यक्रम में मौजूद अभियान के सह संयोजक पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और इस अभियान के बारे में संक्षेप में कार्यकर्ताओं को बताया।

जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को मिले इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक जाना होगा और इन्हें बताना होगा। कार्यक्रम में एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष दलीप मीणा, मंडल महामंत्री बाबूलाल महिच, प्रदीप धाभाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश खीचड़, मुकेश कड़वासरा, पवन शर्मा, महावीर डांगी, अमरचंद भूरिया, जसवंत कड़वासरा, परमेश्वर लाल शर्मा, गणेश शेखावत, सुरेश गुर्जर आदि मंडल के समर्पित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के चौथे दिन 16 लाख 11 हजार आहुतियां लगी

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कालाकोटा दाऊधाम में परमपूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज के सान्निध्य में 19 मार्च से चल रहे 9 दिवसीय 108 कुण्डीय श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के चौथे दिन रविवार तक कुल 16 लाख 11 हजार आहुतियां लग चुकी है। यज्ञाचार्य पण्डित चिरंजीवी शास्त्री के आचार्यत्व में यजमान जोड़ों द्वारा यह आहुतियां लगाई गई हैं। इस मौके पर दाऊधाम कालाकोटा में आए श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान की परिक्रमा लगाकर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। प्रधान कुंड पर संत बलदेवाचार्य महाराज, विनोद दास महाराज, भोलाशंकर दास महाराज, गिरधरदास महाराज ने आहुतियां दी। महायज्ञ के मौके पर हवामहल, जयपुर के विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज भी पंहुचने और यज्ञ में आहुतियां दी। उन्होंने गौमाता एवं पूरे भारतवर्ष के लोगों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए यज्ञ के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि जहां यज्ञ होता है वहां वर्षा अच्छी होती है और वहां का वातावरण भी शुद्ध हो जाता है। हर सनातनी को यज्ञ में बैठना चाहिए, गौमाता की सेवा करनी चाहिए। विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज ने ठाकुर जी महाराज के दर्शन किए एवं यज्ञशाला की परिक्रमा लगाई। संत बलदेवाचार्य महाराज ने माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर बालमुकुंदाचार्य महाराज का स्वागत अभिनन्दन सम्मान किया। संत बलदेवाचार्य महाराज द्वारा विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज को मातारानी जगदम्बा भवानी के चल रहे नवरात्रों को लेकर माता की चूनरी भी भेंट की गई और उन्हें दाऊधाम की नंदीशाला का भ्रमण कराया। विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज ने गौ संरक्षण को लेकर भी विशेष जोर दिया। विधायक ने दाऊधाम में नंदी शाला के विस्तार की आवश्यकता बताते हुए यहां हजारों गायों एवं नंदियों के संरक्षण के लिए बड़ी गौशाला विकसित किए जाने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने बताया कि संतों, श्रद्धालुओं और सरकार के सहयोग से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। भविष्य में लगभग 100 बीघा भूमि पर विशाल नंदीशाला बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, संत समाज और आमजन मिलकर गौमाता और नंदी महाराज की रक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं, और इस महायज्ञ के माध्यम से भी यही संकल्प लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ष्यज्ञ हमारी वेद परम्परा का सबसे श्रेष्ठ कर्म जिसमें सबको शामिल होना चाहिए। भक्तगणों, श्रृद्धालुगणों, ग्रामीणजनों एसंत महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई। दोनों समय पंगत प्रसादी ग्रहण करने वालों की भीड़ रही। रासलीला, रामलीला और श्रीमद्भागवत कथा सुनने देखने वालों की धार्मिक आस्था और श्रद्धा भाव सराहनीय रहा। कार्यकर्ताओं का उत्साह और उमंग काबिले तारीफ रहा जो भाग भागकर हर काम निपटाने में जुटे दिखाई दिए। संत-महात्माओं के आशीर्वचनों से भी श्रद्धालु लाभान्वित हुए। चिकित्सा शिविर में मरीज उपचार कराते दिखाई दिए वहीं श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी महाराज एवं नंदी शाला के भी दर्शनों का लाभ उठाया।

## महर्षि गौतम जयंती मनाई



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड ब्राहमण महासभा की ओर से न्यायशास्त्र के रचियता महर्षि गौतम जी की जयंती सेठिया भवन में धूमधाम से मनाई गईं इस अवसर पर महर्षि गौतम के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओ ने महर्षि गौतम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने व जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा सामाजिक बुराइयों को त्यागने व संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर खिवकरण जोशी, अरुण शर्मा, तुलसीराम जोशी, भारत भूषण पिरगावत, गोविन्द प्रसाद गील, विनोद उपाध्याय, बजरंग जोशी, नरेश उपाध्याय, राकेश लमाणी, प्रेम प्रकाश जोशी, विद्याधर जोशी, नितेश उपाध्याय, विजय वत्स, अनन्त गील, तरुण उपाध्याय, विमल जोशी, बाबुलाल उपाध्याय, नवीन उपाध्याय एहेमन्त पिरगावत, सोनू वत्स, यश गील सहित गुर्जरगौड़, समाज के अनेज गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों को विदाई, रंगारंग कार्यक्रमों से गूंजा महाविद्यालय परिसर



निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** सेवानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और माहौल भावनाओं व उमंगों से भर गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ख्याति प्राप्त दंत चिकित्सक डॉ. पूजा बैदा रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में प्रशिक्षणार्थियों को एक सच्चा, समर्पित और आदर्श शिक्षक बनने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. हरलाल डूडी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कर्मठ और सेवाभावी शिक्षक बनने का संदेश दिया। संस्थान निदेशक आर. जाखड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि अध्यापन एक पवित्र और सेवा भाव से जुड़ा पेशा है, जिसे पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय के संस्थापक ब्रह्मलीन सद्गुरु स्वामी सेवानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद और संस्था के मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान बी.एड. प्रथम सेमेस्टर और द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। समारोह में मिस फेयरवेल का खिताब मीनाक्षी पारीक तथा मिस्टर फेयरवेल का खिताब सुनील मेघवाल को प्रदान किया गया। वहीं बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड भी मीनाक्षी पारीक के नाम रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन माया शर्मा एवं श्रीकृष्ण गिरी गोस्वामी ने किया।

## इंटर डिपार्मेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के नेहरू मैदान में सोमवार शाम को स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट टेनिस बोल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ अरूण गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम सुनील चौहान, डीएसपी जुल्फिकार अली, तहसीलदार सुनील कुमार, समाज सेवी हरिराम गुर्जर, पूर्व प्रधान मदनलाल गुर्जर, रोहितास मनकस मौजूद थे।अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता संयोजक एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने बताया कि यह टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न सरकारी विभाग एवं मीडिया की टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट में प्रशासन, चिकित्साए वन विभाग, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, नगर पालिका, वकील एकादश, पशु चिकित्सा, कृषि विभाग, पत्रकार एकादश, विद्युत विभाग, पंचायत समिति और शिक्षा विभाग सहित कुल 17 टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन 23 मार्च से 30 मार्च तक चलेगा। सभी मैच प्रतिदिन शाम पांच बजे से नेहरू मैदान में दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का अनुभव मिलेगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को मानसिक रूप से विकसित करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होने से अधिकारी व कर्मचारी के बीच समन्वय स्थापित किया जाता है, जिससे आमजन को काफी फायदा मिल पाएगा। यह उपखंड प्रशासन ने बेहतर नवाचार किया है जो काफी सफल हो पाएगा। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि इस प्रकार के खेलों का आयोजन होने से खिलाड़ी की कौशल दक्षता को निखारा जा सकता है, किसी भी प्रतियोगिता में सफल वही होता है जो मेहनत करता है। इसलिए खेल प्रतियोगिता में मेहनत व ईमानदारी से भाग लेकर अपना बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए तथा भाईचारे की भावना पैदा करने से प्रेरित करना चाहिए। अतिथियों ने सभी टीमों के कप्तानों से परिचय कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच बिजली विभाग एवं परिवहन विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी की संयुक्त टीम के बीच खेला गया। बिजली विभाग ने टॉस जीत कर फील्डिंग चुनी। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव, डॉ. महेंद्र सैनी, रेंजर पवन सिंह, सीडीपीओ उमाकांत सुरोलिया, ईओ नागरमल गुर्जर, एईएन सुभाष मीणा, परिवहन निरीक्षक राजेंद्र कुमार, डॉ प्रवीण कुमार शर्मा, थानाधिकारी राममनोहर, राकेश कुमार, ओमप्रकाश वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## आश्रय फेस्ट 2026 में सेवा के बीस वर्ष पर संगीत संध्या से सजा मंच

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर कला केंद्र में आयोजित आश्रय फेस्ट 2026 में आश्रय केयर होम ने अपनी 20 वर्षों की सेवा यात्रा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीत संध्या ने माहौल को भावनात्मक और उत्साहपूर्ण बना दिया। संस्था की संस्थापक सुशीला ने बताया कि पॉजिटिव वुमन नेटवर्क ऑफ राजस्थान सोसायटी के तहत जयपुर के निर्माण नगर और नेवटा में एचआईवी/एड्स प्रभावित बच्चों के लिए आवासीय बाल गृह संचालित किए जा रहे हैं, जहां उन्हें आवास, शिक्षा, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, उपचार, पोषण, योग, परामर्श और मनोरंजन जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। अब तक करीब 3 हजार बच्चों और महिलाओं को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने बताया कि संस्था की आश्रय केयर एंड सपोर्ट सेंटर योजना के माध्यम से जयपुर, श्रीगंगानगर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली और टोंक जिलों के 10 हजार से अधिक एचआईवी/एड्स प्रभावित परिवारों को पंजीकृत कर उन्हें, आरटी सेंटर से जोड़कर निःशुल्क चिकित्सा सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही सरकारी योजनाओं का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जगदीश चंद्रा और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में रुति भारद्वाज आईएएस, रमेश सिंह, अरुण कुमार सिंह, डॉ. आशुतोष पंत और डॉ.आदित्य नाग शामिल हुए। इस संस्थापक सुशीला के मार्गदर्शन में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में मरु-कोकिला सीमा मिश्रा मुख्य आकर्षण रहीं। इसके अलावा आरजे देवांगना, डॉ. भूमिका अग्रवाल और भजन गायिका टीना शर्मा ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आश्रय में रह रही बालिकाओं के सशक्तिकरण और उनके उज्जवल भविष्य को संवारना रहा। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

## एपेक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बचाया मरीज का पैर

### डायबिटिक फुट में टली अम्प्यूटेशन की नौबत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** एपेक्स हॉस्पिटल के चिकित्सको ने गंभीर डायबिटिक फुट संक्रमण से संक्रमित मरीज के पैर बचाने में सफलता हासिल की है। बकौल चिकित्सक संक्रमण के ऐसे मामलों में प्रायः पैर को काटना ही है, लेकिन पूरी टीम की मेहनत से मरीज का पैर बचाया जा सका। कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स फुट एवं एंकल व स्पोर्ट्स इंजरी स्पेशलिस्ट डॉ. ईश्वर मीणा के निर्देशन में तीन चरणों में सर्जरी के माध्यम से यह सर्जरी सफल हो सकी। डॉ. ईश्वर ने बताया कि मरीज अत्यधिक अनियंत्रित मधुमेह, बदबूदार संक्रमण तथा पैरों में सड़े हुए नेक्रोटिक ऊतकों की गंभीर स्थिति के साथ कई स्थानों पर परामर्श ले चुका था, अधिकांश स्थानों पर पैर काटने की सलाह दी गई। अंततः मरीज एपेक्स हॉस्पिटल मालवीय नगर पहुंचा, जहां चिकित्सको ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च जोखिम के बावजूद लिम्ब सल्वेज का निर्णय लिया। संक्रमण को नियंत्रित करने और मृत ऊतकों को हटाने के लिए तीन चरणों में सर्जरी की गई। लगातार उपचार, विशेषज्ञ निगरानी और सावधानीपूर्वक फॉलो-अप के परिणामस्वरूप चार महीनों के भीतर मरीज का पैर पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सका। वर्तमान में मरीज बिना दर्द और बिना किसी विकृति के सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है। डॉ. ईश्वर मीणा ने बताया कि समय पर एक्सपर्ट चिकित्सको की राय, संक्रमण की सफाई और चरणबद्ध सर्जरी से गंभीर डायबिटिक फुट संक्रमण के मामलों में भी अम्प्यूटेशन से बचाव संभव है।

## ओपन माइक सिंगिंग सीजन-11 में कलाकारों ने बांधा समां



निसं

**बगड़ (नवयत्न)।** झुंझुनू जिले के बगड़ स्थित सेठ मांगीलाल रूंगटा धर्मशाला में ओपन माइक सिंगिंग सीजन-11 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन होलसेल सोलर तथा मीपे/ट्रूकार्ड के सौजन्य से किया गया, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का अवसर मिला। कार्यक्रम में संतोष जैदिया, केके रोहिला, महिपाल चन्देलिया, जौहरीमल, ज्योति शर्मा, आनंद कुमार, मनीष शर्मा, मनोज शर्मा, दिव्यम, अनु कंवर, अनिल पाल, बजरंग लाल, दयाशंकर सैन, नरेन्द्र राठौड़, भव्या, अजय जैदिया, अजय कानोडिया एवं रणजीत चन्देलिया सहित अनेक प्रतिभागियों ने नए एवं पुराने फिल्मी गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र सिंह सूरजगढ़ द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा तथा उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों का भरपूर उत्साहवर्धन किया।

## भाकपा माले ने शहादत दिवस मनाया



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी ने झुंझुनू जिला कार्यालय पर अमर शहीद सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर भाकपा माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड फूलचंद ढेवा, जिला सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, राज्य कमेटी सदस्य कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, कामरेड रसीद अहमद, कामरेड अनिश, कामरेड आंनद ढेवा, कामरेड रामकोरी देवी, रामोतार सिंह, अर्जुन सिंह आदि ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी तथा फोटो पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड फूलचंद ढेवा ने कहा कि साम्राज्यवाद के विरूद्ध साम्राज्यवाद मुर्दाबाद संघर्ष का नारा आज भी प्रासंगिक हैं। अमेरिका व इजरायल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध ने भी यह साबित कर दिया है भाकपा माले 23 मार्च से 31 मार्च तक इस युद्ध के खिलाफ साम्राज्यवाद विरोधी सप्ताह के रूप में मनायेगा।

## न्यू ईडन टैलेंट सर्च एग्जाम में दिखा विद्यार्थियों का उत्साह

निसं



**सिंघाना (नवयत्न)।** स्थानीय न्यू इंडियन एजुकेशन ग्रुप की ओर से संचालित न्यू ईडन स्कूल में आयोजित टैलेंट सर्च एग्जाम ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हुई। परीक्षा के लिए 497 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 256 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक परीक्षा में भाग लिया। न्यू ईडन स्कूल के निदेशक के डॉ अनिल गोदारा ने बताया कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को सही दिशा और प्रोत्साहन देने के लिए यह पहल की गई। उन्होंने कहा कि न्यू ईडन स्कूल प्रतिवर्ष इस प्रकार की परीक्षा आयोजित करता है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से पिछड़े प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक सुविधा मिल सके और आर्थिक स्थिति उनकी पढ़ाई में बाधक न बने। न्यू ईडन गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य डॉ अनीता ने बताया कि परीक्षा से 21 लाख रुपए तक की स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत आयोजित की गई है। विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया है और पूरी परीक्षा को सुव्यवस्थित और सुनियोजित ढंग से संपन्न कराया गया। इसके लिए परीक्षा संयोजक विजय सिंह और विजेंद्र कुमार का सराहनीय योगदान रहा। विद्यार्थियों के आवागमन की विशेष व्यवस्था की गई थी। स्कूल बसों के माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षित रूप से उनके घरों तक पहुंचाया गया। परीक्षा के दौरान अभिभावकों का विद्यालय के प्रति विश्वास और विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर न्यू ईडन स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव और न्यू इंडियन इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाध्यापिका पिंकी, संस्था अध्यक्ष सरिता व स्टाफ सदस्य विजेंद्र कुमार, सोमवीर सिंह, मुकेश कुमार, ममता, रचना, रविंद्र कुमार, प्रीतम कुमार सैनी, चेतना, निजामुद्दीन, पूनम, सुशीला, सुनीता सिंह, संजू, मनीषा इत्यादि ने भी सहयोग किया।

## सम्पादकीय

# संकट का सामना



पश्चिम एशिया में लंबे खिंचते युद्ध को देखते हुए प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रियों के साथ आपात बैठक कर देश भर में ऊर्जा आपूर्ति निर्बाध ढंग से जारी रखने की तैयारियों को लेकर जो चर्चा की, वह समय की मांग थी। इस बैठक में पेट्रोल-डीजल और गैस के साथ ही उर्वरकों की आपूर्ति सुगम बनाए रखने के जिन उपायों पर मंथन किया गया, उनके निष्कर्षों से राज्य सरकारों को भी अवगत कराने की आवश्यकता होगी और उन्हें कुछ निर्देश देने की भी। जिस तरह केंद्र सरकार संकट से पार पाने के लिए कमर कसती दिख रही है, उसी तरह राज्य सरकारों को भी सक्रियता दिखानी होगी।

उचित यह होगा कि प्रधानमंत्री राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों के साथ भी इस उद्देश्य से चर्चा करें कि हर स्तर पर यह संदेश पहुंचे कि देश में कहीं पर भी ऊर्जा एवं उर्वरक संकट पैदा नहीं होने दिया जाएगा। नि:संदेह मौजूदा स्थिति की तुलना कोविड काल से नहीं की जा सकती, लेकिन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और उनकी कालाबाजारी एवं जमाखोरी न होने देने पर निगाह रखने की जरूरत तो बढ़ ही गई है। केंद्र और राज्य सरकारों को केवल यही नहीं देखना कि ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति सुगमता से होती रहे, बल्कि इस पर भी ध्यान देना होगा कि अर्थव्यवस्था के पहिए गतिमान बने रहें। इसके लिए ज्यादा जोखिम वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर आवश्यक उपाय करना जरूरी है। चूंकि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है और इसके कोई आसार नहीं दिख रहे कि यह सैन्य टकराव कब और कैसे खत्म होगा, इसलिए पश्चिम एशियाई देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति का संकट और गहरा सकता है। इस स्थिति में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल एवं गैस के दाम और अधिक बढ़ सकते हैं। इसके नतीजे में भारत सरकार को भी उनकी कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं। इससे देश में कुछ न कुछ महंगाई भी बढ़ सकती है। ध्यान रहे पश्चिमी देशों के लिए हवाई यात्रा पहले ही महंगी हो गई। आशा की जानी चाहिए कि कीमतें बढ़ाने की नौबत न आने पाए, लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार भी रहा जाना चाहिए। यह तैयारी केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों एवं जिला प्रशासन के स्तर पर भी होनी चाहिए। इसी के साथ आम जनता को यह समझना होगा कि जो संकट पैदा हुआ है, उसमें भारत सरकार की कहीं कोई भूमिका नहीं। ऐसे में यदि कहीं किसी तरह की कठिनाई पैदा हो तो आम लोगों को संयम का परिचय देना होगा। ध्यान रहे कि किसी भी संकट का समाधान तभी आसान होता है जब शासन-प्रशासन के साथ आम जनता भी उसका सामना इस भाव से करती है कि कैसी भी चुनौती हो, उससे पार पा लिया जाएगा।

## विशेष आलेख

# क्या पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम सवर्णों के राजनीतिक-सामाजिक भविष्य को तय करेंगे?

सवर्ण वोट कभी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों का भी कोर वोट बैंक हुआ करता था, और इनकी दलित-ओबीसी आरक्षण व अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की नीतियों से आजिज होकर भाजपा के आकर्षक मंडल विरोधी कमण्डलवाद पर फिदा हो चुका था, वह मोदी-शाह युग में एक के बाद दूसरे झटके लगते रहने से सियासी विकल्प ढूंढ रहा है।

देश के पश्चिम बंगाल समेत असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जिसके मतदान/परिणाम भाजपा नीत एनडीए की भावी रीति-नीति और सवर्णों के सामाजिक-राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। बताया जाता है कि यदि इन चुनावों को भाजपा नीत गठबंधन जीत जाता है तो वह ओबीसी-दलित वोटरों को रिझाने के लिए सवर्ण विरोधी एजेंडों को इत्मीनान पूर्वक धार देगा!

ऐसा इसलिए कि सामान्य जातियों से जुड़े सवर्ण वोटर ही भाजपा के कोर वोटर माने जाते हैं, लेकिन ओबीसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के रहते हुए भी जिस तरह से सवर्ण विरोधी यूजीसी इक्विटी बिल लाया गया है, उससे सामान्य जातियों के लोग अर्थात सवर्ण समुदाय का एक बड़ा तबका अपनी मुख्य पार्टी भाजपा से काफी नाराज हैं और बदलती राजनीति के बीच वे किधर करवट लेंगे, यह बात पूरी तरह से चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि अपने हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने के लिए भाजपा कांग्रेसी राज और समाजवादी राज की दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक व भाषाई क्षेत्र सम्बन्धी नीतियों को और अधिक धार दे रही है। आरक्षण, जातीय जनगणना, एससी-एसटी एक्ट से जुड़े पदोन्नति प्रावधान, कमाऊ मंदिर संचालन जैसी नीतियों में पहले की सरकारों में और अब की सरकार में कोई अंतर नहीं आया है।

कोढ़ में खाज यह कि भाजपा अपने हिंदुत्व के एजेंडे से भटकती प्रतीत हो रही है। ऐसे में सत्ता के जातीय, सांप्रदायिक और भाषाई-क्षेत्रवाद की मानसिकता में कोई बदलाव न देख देश का सामाजिक इंजन वर्ग यानी सवर्ण समुदाय भाजपा से काफी नाराज है और यूजीसी इक्विटी बिल ने आग में घी का काम किया है।

चूंकि सवर्ण वोट कभी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों का भी कोर वोट बैंक हुआ करता था, और इनकी दलित-ओबीसी आरक्षण व अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की नीतियों से आजिज होकर भाजपा के आकर्षक मंडल विरोधी कमण्डलवाद पर फिदा हो चुका था, वह मोदी-शाह युग में एक के बाद दूसरे झटके लगते रहने से सियासी विकल्प ढूंढ रहा है। चूंकि भाजपा नेतृत्व पूंजीपतियों के इशारे पर ब्राह्मण-राजपूत नेतृत्व को दरकिनार करते हुए ओबीसी-दलित नेतृत्व को मजबूत कर रहा है, इससे भी सवर्ण वर्ग में नाराजगी है।

यही वजह है कि 5 राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और उसके सहयोगी दल भाजपा के खिलाफ पनपे सवर्ण प्रतिरोध को पूरी तरह से अंदर ही अंदर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उनका दलित-ओबीसी-अल्पसंख्यक कोर वोट बैंक नाराज भी न हो और सवर्ण भी उनकी ओर लौट जाएं, ताकि अबतक की हारी हुई बाजी को पुन: जीता जा सके और यत्र तत्र जीती हुई बाजी को बरकरार रखाक जा सके! हालांकि, अब वे अपनी कोशिशों में कितने कामयाब होंगे, यह तो मतदान/मतगणना बाद ही पता चल पाएगा।

वहीं, कतिपय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि देश के पश्चिम बंगाल समेत असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के चुनाव परिणाम सवर्णों के सामाजिक-राजनीतिक भविष्य को तय नहीं करेंगे, भले ही भाजपा इन चुनावों में पश्चिम बंगाल और असम जीत जाए और तमिलनाडु, केरल व पुडुचेरी में पहले से ज्यादा मजबूत होकर जीते। क्योंकि यूजीसी इक्विटी बिल के बाद उपजे सवर्ण जनाक्रोश को डैमेज-कंट्रोल करने के लिए भाजपा-आरएसएस के रणनीतिकार जुट गए हैं, हालांकि उन्हें भी यह आशंका है कि ये चुनाव भाजपा के सवर्ण वोट बैंक के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा की घड़ी हैं! वहीं, भाजपा की ओर कितने दलित-ओबीसी वोटर लौटते हैं, इससे भाजपा को सियासी तंदुरुस्ती मिलेगी।

भाजपा की सवर्ण लॉबी का कहना है कि अब भी सवर्ण वोट पार्टी के कोर सपोर्टर बने हुए हैं, क्योंकि उनके पास भाजपा से उम्दा विकल्प मौजूद नहीं है। जबकि भाजपा अपनी चुनावी जीत के



लिए दलित, आदिवासी और ओबीसी वोटों पर ही निर्भर करती है। इसलिए वह सभी समुदायों के बीच राष्ट्रवादी तालमेल बिठाने में जुटी हुई है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुस्लिम देश, भारत के खिलाफ नहीं खड़े हों, इसलिए भाजपा ने भी कुछ बदलावों के साथ अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीतियों को अपना लिया है।

मसलन, यदि 5 राज्यों में हो रहे चुनावों की चुनावी पृष्ठभूमि पर नजर डाली जाए तो 2026 में पश्चिम बंगाल की 294 सीटों के लिए मतदान 23-29 अप्रैल 2026 को होंगे। वहीं असम की 126 विधानसभा सीटों, तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीटों, केरल की 140 विधानसभा सीटों और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों के लिए भी चुनाव होंगे। इन चुनावों में भाजपा मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल और असम पर फोकस कर रही है। क्योंकि जहां पिछले विधानसभा चुनाव 2021 में पश्चिम बंगाल में बीजेपी को 77 सीटें मिलीं थी। वहीं, असम में भाजपा की सत्ता बरकरार रहा गई थी और अभी वहां भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी है।

इसलिए, जहां तक पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सवर्णों की भूमिका की बात है तो भाजपा को सवर्ण यानी ब्राह्मण, कायस्थ, वैद्य आदि से मजबूत समर्थन मिलता बताया जा रहा है। यद्यपि राष्ट्रीय स्तर पर सभी जातियों व धर्मों को मिलाकर 61% सवर्ण वोट हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में भाजपा 5% हिंदू वोट फॉर्मूला से सवर्णों को सनातनी के रूप में साध रही है। जबकि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के नेतृत्व में सूबाई सत्ता के शीर्ष पर सवर्ण कायम हैं, जबकि जीत के पीछे अल्पसंख्यक-दलित-आदिवासी-ओबीसी वोट मुख्य हैं।

इसलिए भाजपा भी पश्चिम बंगाल में सवर्णों को टीएमसी की सत्ता से खींचकर अपनी ओर करना चाहती है और ओबीसी-दलित-आदिवासी वोटरों को भी अपने पाले में करने में जुटी हुई है, जबकि अल्पसंख्यक वोटों के रायता फैलाने हेतु उसके गुप्त इशारे पर वहां की लोकल अल्पसंख्यक पार्टी ताल ठोक चुकी है। वहीं बंगाल अस्मिता का सवाल कितना मुखर होगा, घुसपैठियों का मुद्दा कितना रंग लाएगा, वह मतदान ट्रेंड और चुनाव परिणाम से ही पता चलेगा।

वहीं, जहां तक पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के परिणाम की बात है तो भाजपा की जीत से सवर्णों का राजनीतिक प्रभाव बढ़ेगा, लेकिन उनका सामाजिक भविष्य भाजपा की राष्ट्रीय नीतियों यथा- आरक्षण, जाति जनगणना आदि पर ही निर्भर करेगा। वहीं, असम में भी यही बातें लागू होंगी, क्योंकि वहाँ तो भाजपा पहले से ही सत्ता में है। वहीं, तमिलनाडु और केरल में सवर्ण प्रभाव कम है, इसलिए 5 राज्यों की जीत से सवर्ण गठबंधन मजबूत होगा, न कि सवर्णों का राजनीतिक-सामाजिक भविष्य तय होगा। उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात आदि के भावी विधानसभा और आम चुनाव 2029 के रुझान, मतदान और चुनाव परिणाम वास्तविक तौर पर सवर्णों के सामाजिक और राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे।

यही वजह है कि भाजपा की पश्चिम बंगाल में जीत से सवर्ण ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर भी सीधा असर पड़ने की संभावना कम है, क्योंकि यह केंद्र सरकार के नीति क्षेत्र में आता है।

## आज का राशिफल

### मेष
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### वृष
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### मिथुन
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### कर्क
स्थायी संपति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### सिंह
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### कन्या
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### तुला
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### धनु
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### मकर
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### कुंभ
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### मीन
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

## स्वास्थ्य समाचार

# सीजनल फ्लू भी बन सकता है हार्ट फेलियर का कारण

### फ्लू के कारण होने वाली गंभीर समस्याएं

मौसम में बदलाव और वायरल संक्रमण आदि की वजह से होने वाला फ्लू शरीर में कई बीमारियों का कारण बन सकता है। गंभीर स्थिति में सीजनल फ्लू की वजह से मरीज को कई ऐसी समस्याएं हो सकती हैं जिन्हें मेडिकल एमरजेंसी माना जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक फ्लू की वजह से हार्ट के मरीजों में दिल का दौरा पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। फ्लू की वजह से मरीजों में हार्ट फेलियर का खतरा कई गुना अधिक हो जाता है। इसके फ्लू की समस्या के कारण शरीर में सूजन हो सकती हैं जो न सिर्फ हृदय बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।



### क्या फ्लू की वजह से हो सकती है हार्ट फेलियर की समस्या

सर्दी, बुखार, ठंड लगना और मांसपेशियों में दर्द की समस्या जैसे लक्षण फ्लू में दिखाई देते हैं। कई लोगों में फ्लू की समस्या सामान्य रूप से होती है उनमें ये लक्षण कुछ दिन के लिए रहते हैं और थोड़ी सी सावधानी बरतने पर यह अपने आप ठीक हो जाते हैं। लेकिन जिन लोगों में फ्लू की समस्या में दिखाई देने वाले लक्षण काफी समय तक बने रहते हैं और कई दिनों तक फ्लू बना रहता है उन्हें काफी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। फ्लू की समस्या में हार्ट की बीमारी वाले मरीजों पर अधिक असर होता है। जिन लोगों में अनियमित दिल की धड़कन या कोरोनरी हार्ट डिजीज हैं उनमें फ्लू या इन्फ्लूएंजा जैसा इन्फेक्शन काफी गंभीर और जानलेवा हो सकता है। हार्ट के इन मरीजों में फ्लू की समस्या परेशानियों को बढ़ा देती है जिसकी वजह से उन्हें हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### फ्लू की वजह से हार्ट के मरीजों में समस्याएं

फ्लू का संक्रमण होने पर शरीर में कई समस्याएं तो होती ही हैं लेकिन इसकी वजह से हार्ट का स्ट्रेस बढ़ जाता है। इसकी वजह से हृदय गति में वृद्धि, ब्लड प्रेशर की समस्या और कोलामाइंस नामक आंतरिक तनाव हार्मोन में वृद्धि हो जाती है। ऐसी स्थिति में दिल की पुरानी समस्याओं से पीड़ित व्यक्तियों में परेशानियां बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही फ्लू की समस्या में सूजन के कारण प्लाक टूटने की वजह से हार्ट अटैक और हार्ट फेलियर की समस्या ट्रिगर हो जाती है। फ्लू और इन्फ्लूएंजा का वायरस हार्ट की मांसपेशियों पर भी नकरात्म प्रभाव डालता है जिसकी वजह से मायोकार्डिटिस (हृदय की मांसपेशियों की सूजन) जैसी गंभीर समस्या हो सकती है।

### कंजेस्टिव हार्ट फेलियर

कंजेस्टिव हार्ट फेलियर हृदय में होने वाली वह स्थिति है, जिसमें आपके दिल तक रक्त का संचार होने में बाधा आने लगती है। इस स्थिति में दिल की जरूरत के अनुसार रक्त नहीं पहुंचता है। जिस कारण हार्ट अटैक आने की भी संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस स्थिति में आपका दिल अपनी कार्यक्षमता दिखाने में असमर्थ हो जाता है। लेकिन दिल कार्य करना बंद नहीं करता है। हृदय में मौजूद चैंबर का प्रेशर सामान्य रूप से 10 से 12 मिलिमीटर मर्करी होता है। लेकिन कंजेस्टिव हार्ट फेलियर की स्थिति मे आपके हृदय का प्रेशर सामान्य से बढ़कर काफी अधिक हो जाता है। इस स्थिति में रेलेक्सेशन का प्रेशर 20 से 25 यानि कि दुगना भी हो सकता है, जिससे मरीज की तकलीफें बढ़ सकती हैं।

### कैसे बढ़ती है मरीज की तकलीफें

मरीज की श्वासन प्रणाली प्रभावित हो सकती है। इसमें मरीज को सांस संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इस एसोसिएशन के मुताबिक 4 ग्रेड्स में मरीज की सांस फूलती है, जिसमें मरीज आमतौर पर किए जाने वाले कार्यों को तो कर सकता है, लेकिन शारीरिक श्रम वाले कार्यों को करने में असमर्थ हो जाता है। जैसे दौड़ने में समस्या या तेज चलने से भी सांस ज्यादा फूलना आदि।

### फ्लू से कैसे करें बचाव

फ्लू या इन्फ्लूएंजा जैसी समस्याओं से बचाव के लिए आपको साफ-सफाई और बीमार व्यक्तियों में संक्रमण का ध्यान रखना चाहिए। अगर आप हार्ट के मरीज हैं तो आपको फ्लू की वजह से कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है इसलिए ऐसे मरीजों को विशेष ध्यान रखना चाहिए। फ्लू की समस्या से ग्रसित लोगों के संपर्क में न जाना, नियमित रूप से हाथों को सफाई करने से आप फ्लू से संक्रमित होने से बच सकते हैं। इसके अलावा अगर आप दिल के मरीज हैं तो हार्ट अटैक की समस्या जैसी गंभीर जानलेवा स्थिति से बचने के लिए नियमित रूप से व्यायाम, संतुलित आहार का सेवन और दवा आदि का समय पर सेवन करते रहें।

# सर्दियों में अदरक का काढ़ा पीने से होते है कई फायदे

अदरक का इस्तेमाल कर कई स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज किया जा सकता है। घरेलू नुस्खों और उपचार के रूप में इसका इस्तेमाल सबसे ज्यादा किया गया है। अदरक को उबलते पानी में मिलाकर काढ़ा तैयार किया जाता है। अदरक न केवल अपने अलग स्वाद और तेज गंध के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। इसलिए इस कड़ा को सर्दियों में पीने से आपको काफी मदद मिल सकती है।



### दर्द से राहत

कई बार एक्सरसाइज के दौरान मांसपेशियां खिंच जाती हैं और स्ट्रेस्ड हो जाती हैं। जिसकी वजह से तनाव बढ़ने लगता है। इससे शरीर में दर्द और थकान होने लगती है। इस दर्द से छुटकारा पाने के लिए अद्रक का काढ़ा पीना सुनिश्चित करें क्योंकि यह दर्द को कम करने के लिए जाना जाता है।

### एंटी इंफ्लामेटरी और एंटी एलर्जी

अदर में मांसपेशियों में सूजन को कम करने और इससे जुड़ी पुरानी परेशानियों को ठीक करने की ताकत होती है, जैसे ऑस्टियोपोरोसिस। इसके अलावा, इसमें एंटी-एलर्जी गुण भी होते हैं जो अपनी जड़ों पर काम करके एलर्जी को ठीक करने में मदद करते हैं।

### पेट के अल्सर से करता है सुरक्षित

अदरक कई सक्रिय यौगिकों जैसे जिंजरोल और शोगोल से समृद्ध होता है जो पेट के लिए सुरक्षित होते हैं और अल्सर को रोकने के लिए जाने जाते हैं।

### अदरक शहद, और नींबू काढ़ा

यह काढ़ा गले की खराश को ठीक करने के लिए बनाया गया है। सूजन को शांत करने के लिए अदरक, शहद और नींबू का मिक्सर काफी अच्छा होता है।

### काढ़े में मिलाएं कुछ तुलसी के पत्ते

आपकी सर्दी और खांसी में तुरंत राहत के लिए, यह काढ़ा अपने इम्यूनिटी-बढ़ाने वाले गुणों के लिए जाना जाता है।

### काली मिर्च, लौंग और अदरक का काढ़ा

यह काढ़ा आपकी स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने और पुराने दर्द से राहत पाने का शानदार तरीका है।

# खराब गले को ठीक करेंगे यह जबरदस्त घरेलू उपाय

गले में खराश एक आम समस्या है, खासकर सर्दियों के दौरान। इससे पहले कि आप एंटीबायोटिक दवाओं की ओर रुख करें।

### नीबू और शहद लें

नीबू के रस और शहद को हल्के गर्म पानी में मिलाकर पीना भी गले में आराम दे सकता है। शहद में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो



बलगम को निकालने में मदद करता है और खांसी को कम करता है। आप चाहें तो सिर्फ एक चम्मच शहद भी ले सकते हैं। यह गले में खराश में तुरंत आराम देगा। वहीं नीबू अपने एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण के कारण गले की खराश को जल्दी ठीक होने में मदद करता है। नीब में विटामिन सी भी उच्च मात्रा में होता है, जो इम्यूनिटी को बढ़ाने के साथ गले को नम रखने में मदद करने के लिए लार बढ़ाता है। इसमें आप एंटी-ऑक्सीडेंट युक्त अदरक का रस भी मिला सकते हैं।

### पुदीने की चाय

आमतौर पर पाचन में सुधार के लिए इसे पिया जाता है। लेकिन इसके और भी कई लाभ हैं, जिसमें सर्दी के लक्षणों को कम करना भी शामिल है। इस चाय में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन में मदद कर सकते हैं और गले को आराम दे सकते हैं। इसके अलावा जब आप संक्रमण से लड़ रहे हों, तो अपने आप को अच्छी तरह से हाइड्रेट रखना भी जरूरी होता है।

# जयपुर में हुआ कलांकित मिस एथेरियल राजस्थान इंटरनेशनल 2026 के ऑडिशन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कलांकित ब्रिंगिंग आर्ट अलाइव के तत्वावधान में आयोजित मिस एथेरियल राजस्थान इंटरनेशनल 2026 के ऑडिशन और बॉलीवुड ग्लैम फैशन शो सीजन-2 का आगाज किया गया। जिसमें फैशन और ग्लैमर का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम आयोजक बसंत जैन ने बताया कि ऑडिशन में राजस्थान के विभिन्न शहरों, भीलवाड़ा, विजयनगर, अजमेर, उदयपुर जैसे शहरों से भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयपुर हेरिटेज होटल की संचिता गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर, निम्स यूनिवर्सिटी शोभा तोमर, राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पूर्व एमडी ए.के. जैन, सीएडीडी सेंटर के चेयरमैन राजीव भार्गव, जय श्री ज्वेलरी के यश जैनए भारतीय जैन संगठन के अध्यक्ष सुनील कोठारी, यूपीएल क्रिकेट लीग के चेयरमैन विनीत छाबड़ा, लायंस क्लब के विमल बज और अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल गुरु डॉ. पी.एम. भारद्वाज सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। फैशन शो में 70 से अधिक मॉडल्स ने प्रसिद्ध डिजाइनर्स के परिधानों में रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बॉलीवुड ग्लैम के अध्यक्ष आदित्य सिंह ने कहा कि इस तरह के मंच छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की युवतियों को आगे बढ़ने और मॉडलिंग व फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। पूर्व एमडी ए.के. जैन ने कहा कि जयपुर अब मुंबई और दिल्ली के बाद फैशन इंडस्ट्री का उभरता हुआ केंद्र बन रहा है, जहां प्रदेश ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों की प्रतिभाएं भी भागीदारी कर रही हैं। आयोजकों ने आगे कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को संवारकर उन्हें फैशन, फिल्म, टीवी और मीडिया जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक नरेंद्र उपाध्याय के अनुसार अप्रैल माह में अजमेर, कोटा सहित अन्य शहरों में भी ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद जूरी द्वारा 30 प्रतिभागियों का चयन फाइनल के लिए किया जाएगा। फिनाले अप्रैल-मई में आयोजित होगा।



## शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित विजय आई एंड ज्योति डेंटल हॉस्पिटल के तत्वावधान में रेड ड्रॉप हॉस्पिटल टीम के सहयोग से शहीद दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना था। शिविर में स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल मिलाकर लगभग 103 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

चिकित्सा टीम ने सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर डॉ विजय सैनी, डॉ शुभम सैनी, डॉ रोशन सैनी, डॉ ज्योति सैनी, रमेश सैनी, शंकर, ज्योति, अरुण चौहान, अक्षय सैनी सहित हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## युवाओं ने मनाया बलिदान दिवस



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के स्वामी विवेकानंद गर्वनमेंट कॉलेज में सोमवार को युवाओं ने बलिदान दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम युवाओं ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सैनी ने कहा कि भारत की आजादी के लिए शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अनुकूल परिस्थितियों में कड़ी मेहनत व देश की तरक्की को आगे ले जाने की लगन ने इस मुकाम पर पहुंचाया था। जिसकी बदौलत आज पूरे देश के नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। आज के दिन 23 मार्च को देश के तीन महान देशभक्तो को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी की सजा दी गई थी। जिस पर देशभर में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। महापुरूषों ने देश के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया था, उन्हीं की दी हुई शिक्षा को ग्रहण कर आज देश का प्रत्येक नागरिक अपने संविधान व अधिकारों के प्रति अग्रसर हो रहा है। शहीद भगत सिंह ने देश के नागरिकों को सच्चाई व शांति के मार्ग पर चलने के लिए आह्वान किया था।

ऐसे में युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। भारत देश में ऐसे अनेक महापुरुष हुए जिन्होंने सर्व समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। अपने सुरक्षित एवं बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। देश में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के अपने अलग-अलग अधिकार भी बने हुए हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए तथा अपने भविष्य को लेकर इनका लाभ भी उठाना चाहिए। एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में इन योद्धाओं ने अपना अमूल्य जीवन देश के नाम किया है, जिसकी प्रेरणा से आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है।

इस दौरान उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्तियों से देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धाओं के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर दिनेश बबेरवाल, अनंत, राहुल नायक, सीमा सैनी, रिहान कुरैशी, ईशिका प्रजापति, वीनू कसाणा, रिंकू कुमारी, मीनाक्षी, मनीषा कुमारी, कविता, प्रीति आदि मौजूद थे।

## रोजगार परामर्श शिविर आज

निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चनाना में कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान (सेडी चिड़ावा) की ओर से एवं मनभरी देवी पीजी कॉलेज चनाना के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार परामर्श शिविर का आयोजन 24 मार्च को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजन होगा। शिविर में 18 से 30 वर्ष के युवा प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं एवं शैक्षिणिक योग्यता 10वीं, 12वीं बीए और एमए। शिविर में 1 नर्सिंग सहायक, सुरक्षा गार्ड, ब्यूटी पार्लर, होटल प्रबंधन, इलेक्ट्रिशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, बैंकिंग और माइक्रोफाइनेंस इन इंडेक्सो पर शिविर में विस्तार से चर्चा होगी। रजिस्ट्रेशन में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपने साथ आधार कार्ड, मार्कशीट, पेन कार्ड, हाल ही में खींची हुई पासपोर्ट साइज की फोटो साथ लेकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## बाबा साहब का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक : मदन दिलावर

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शिक्षा विद्यालयी संस्कृत एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने रतनगढ़ में डॉ भीमराव अंबेडकर सेवा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर मूर्ति का अनावरण किया एवं संत सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है, जिससे प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ना चाहिए। बाबा साहब के विचार आज भी समाज को



समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज को सुदृढ़, शिक्षित और विकसित बनाने के लिए हमें एकजुट रहना होगा। हम संकल्पित प्रयास करें और आने वाली पीढ़ी को हमारी संस्कृति, संस्कार और सामाजिक परंपराओं से जोड़ें। हमें रामायण, गीता के श्लोक और अपने सांस्कृतिक विरासत से प्रेरणा लेकर समाज में संस्कारों के विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि बाबा साहब के आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। बाबा साहब ने समाज को जो दिशा दीए वह आज भी प्रासंगिक है। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि बाबा साहब के विचार सामाजिक समरसता और समान अधिकारों की नींव हैं। हमें उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारना चाहिए। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि हमें बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपनाकर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए बाबा साहब के विचारों का अनुसरण आवश्यक है। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। स्वर्गीय रामचंद्र मंडार की पुण्यतिथि के अवसर पर संत सम्मेलन में आध्यात्मिक वातावरण के बीच प्रकाशरामजी महाराज ने भक्ति भाव से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी तथा कथा वाचन किया। सुगनचंद मंडार व पुष्पलता मंडार ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संतोष मेघवाल, मनभरी देवी, सीईओ श्वेता कोचर, बीडीओ जगदीश व्यास, अर्जुन सिंह फ्रांसा, भागीरथ राठौड़, सूरज, प्रियंका, सुनीलदत्त, गीता देवी, नेहा, संदीप रमन सहित अन्य मौजूद रहे।

## नवरात्रि के अवसर पर विश्व शांति के लिए पूजा-पाठ आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नवरात्रि के पावन अवसर पर संगम ग्रुप मानसरोवर की महिलाओं द्वारा विश्व शांति, सुख-समृद्धि और मानव कल्याण की कामना से विशेष पूजा-पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। वर्तमान समय में विश्व के विभिन्न देशों में चल रहे तनाव और युद्ध जैसे हालात को देखते हुए कार्यक्रम विशेष रूप से विश्व में शांति और सद्भावना की स्थापना के लिए किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से माता की पूजा.अर्चना की तथा भजन-कीर्तन कर विश्व में शांति, प्रेम और भाईचारे की प्रार्थना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण अत्यंत भक्तिमय और आध्यात्मिक बना रहा। इस अवसर पर समिति की सदस्य प्रतिभा रावत, महिमा सिंह, पूनम कौल, पिंकी गौड एवं अंजू शर्मा सहित संगम ग्रुप की अनेक महिलाओं ने श्रद्धा के साथ भाग लिया और सभी ने मिलकर समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का संकल्प लिया। संगम ग्रुप मानसरोवर की ओर से कहा गया कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन लोगों को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा समाज में एकता, शांति और सद्भाव का संदेश देते हैं।

समूह द्वारा समय-समय पर इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## महिला समूह बैठक में घरेलू सीवरेज कनेक्शन के बताए लाभ



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर में स्वच्छता में बेहतर बदलाव के लिए आरयूआइडीपी की ओर से ड्रनेज व सीवरेज परियोजना में जागरुकता के लिए बैठकों को दौर जारी है इसी क्रम में वार्ड संख्या 42 गणेश धोरा मेघवाल व भार्गव मोहल्ले में महिला समूह बैठक आयोजित की गई स बैठक में आरयूआइडीपी जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ व कविता स्वामी ने घरेलू सीवरेज कनेक्शन के लाभ एवं उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की घरेलू सीवरेज कनेक्शन आरयूआइडीपी की ओर से नि:शुल्क किया जा रहा इन कनेक्शनों में शौचालय, रसोई व स्नानघर को जोड़ा जायेगा घर वालो को स्नानघर व रसोई में जाली लगानी होगी। परियोजना के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया की कनेक्शन के बाद नालीयां सुखी व साफ रहेगी बिमारियों में कमी आयेगी शहर में स्वच्छता के लिए बेहत्तर बदलाव आयेगा।

## आचार्य महाश्रमण के दर्शनार्थ आतुर साध्वी राजिमती कल लाडनूं पहुंचेगी

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** तेरापंथ में अनुशासन मर्यादा आज्ञा एक गुरु और एक विधान सर्वोपरि है । काफी समय के बाद गुरु दर्शन करना विशेष अहोभाग्य सौभाग्य होता है शासन श्री साध्वी मानकंवर जी 96 वर्ष की प्रबल गुरु दर्शन की उत्कंठा साध्वी राजिमती जी की 93 वर्ष की उम्र में आचार्य श्री महाश्रमण की पावन सानिध्य में जाना अद्भुत मनोबल गुण निष्ठा का परिचालक है फिर शासन श्री साध्वी समता श्री जी की 83 वर्ष की उम्र में महाकुंभ जैन विश्व भारती लाडनूं में सम्मिलित होना विलक्षण है साध्वी कुसुम प्रभा साध्वी पुलकितयशा साध्वी प्रभातप्रभा और नव दीक्षित साध्वी मनोज्ञ प्रभा एक ही लक्ष्य वयोवृद्ध साध्वियों की सेवा करते हुए



गुरुदेव की सन्निधि नंदनवन में जाना उल्लास हर्ष का विषय है 12 वर्ष नोखा में आध्यात्मिकता की लौ जलाकर अचानक गुरु के दर्शन करने साधन से भी विहार करके चेहरे पर अद्भुत चमक तेज नया उत्साह नहीं उमंग मानो उम्र भूल गए हो। इंदर चंद बैद कवि ने बताया तेरह दिन की यात्रा धूप गर्मी आंधी वर्ष की परवाह नहीं करते हुए गुरु दर्शन की अभिलाषा लिए लक्ष्य महान बन गया । नोखा तेरापंथ सभा अध्यक्ष शुभकरण चौरडिया मंत्री मनोज घीया महिला मंडल युवक परिषद किशोर मंडल कन्या मंडल प्रतिदिन पैदल सेवा उत्साह श्रद्धा भक्ति के साथ मंजिल पर पहुंच जाते निर्मल भूरा सुंदरलाल सेठिया महावीर नाहटा राजेंद्र मालू सुरेश बोथरा अशोक भूरा अरुण भूरा हंसराज भूरा प्रकाश लुनीया कार्तिक नाहटा हर्षित भूरा चयन मालू हंसराज बैद अशोक बैद कन्या मंडल का विशाल उमड़ रहा था पैदल सेवा में होडा होड लगी थी।

आचार्य श्री महाश्रमण की कृपा से रास्ते का विहार मानो सरल सुगम सुरम्य बन गया वह क्षण 25 मार्च प्रात: 8:15 बजे का प्रमुदित और दर्शनीय होगा जब बहुश्रुत योग साधिका साध्वी राजिमती जी ठाणा 7 आचार्य श्री महाश्रमण के दर्शन का धन्यता अनुभव करेगी अमृत वचन आशीर्वचन की वर्षा होगी जैन विश्व भारती का मनोतम में दृश्य और 400 साधु साध्वियो की धवल उपस्थित मानो धरती स्वर्ग बन रही हो मंत्री मनोज घीया ने बताया नोखा से तेरापंथ समाज का विशाल संघ 25 मार्च को गुरु सान्निधि में पहुंचेगा।

## शिविर कल

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अभिभाषक संघ द्वारा 37 वा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन कल 25 मार्च बुधवार को माहेश्वरी भवन में होगा । शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी। पंजीयन के लिए रोगी अपने आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी साथ लावे।

## वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़, पंचायत समिति कार्यालय में तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं उनके प्रति कर्तव्यों के विषय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़, तालुका सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया, सीबीईओ रतनगढ़ संदीप व्यास, अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रेम कुमार शर्मा तथा आनंद शर्मा भी मंचासीन रहे।अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल एवं उनके संरक्षण हेतु बनाए गए कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं एसीजेएम अरुण जांगिड़ ने सभी उपस्थित लोगों को अपने माता-पिता एवं वरिष्ठजनों के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। तालुका सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने माता-पिता एवं घर के बुजुर्गों की सेवा करे, तो वृद्धाश्रमों की आवश्यकता स्वत: समाप्त हो जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सीबीईओ संदीप व्यास द्वारा एडीजे कौशिक का साफा एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया, वहीं अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रेम कुमार शर्मा द्वारा एसीजेएम जांगिड़ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंचिय संचालन भोलेश कुमार शर्मा, ब्लॉक समन्वयक द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति कार्यालय स्टाफ मोहन सिंह, अनिल पारीक, सीबीईओ कार्यालय स्टाफ लीलाधर शर्मा, अरविंद शर्मा, पूनम चंद शर्मा, राकेश गहलोत, अध्यापिका पूनम सैन तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राइजिंग राजस्थान के माध्यम से सरकार प्रवासी उद्योगपति राजस्थानियों को पुनः मातृभूमि से जोड़ने का प्रयास कर रही है : खर्रा

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा रविवार शाम जालान उत्सव वाटिका में श्री नवलगढ़ विद्यालय कमेटी की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह में भाग लेने के लिए नवलगढ़ पधारे। जालान उत्सव वाटिका में हुए गरिमामय समारोह में खर्रा का स्वागत सम्मान कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश जालान ने किया। कमेटी के सचिव पवन कुमार जालान तथा ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन के निवर्तमान अध्यक्ष शिव



कुमार लोहिया भी मंचस्थ रहे। स्वागत भाषण देते हुए कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश जालान ने संस्था की 125 वर्ष की शानदार यात्रा का विवरण बताते हुए कमेटी की भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। ओमप्रकाश जालान ने बताया कि आधुनिक शिक्षा में टीचिंग एंड लर्निंग प्रोसेस को प्रभावी बनाने के लिये विद्यालय में एआई शिक्षा प्रारंभ की जायेगी। जालान ने कहा कि कमेटी द्वारा विद्यालय में जेईई, नीट सीपीटी एवं क्लेट के लिए फाउंडेशन कक्षाएं प्रारंभ की जायेंगी। इसके लिये कार्य योजना तैयार कर ली गई है साथ ही विद्यालय को केन्द्रीय बोर्ड से सीबीएसई सम्बद्धता हेतु भी प्रयास किये जा रहे हैं। जालान ने मंत्री से सहयोग करने का आग्रह किया है। मंत्री खर्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राइजिंग राजस्थान के माध्यम से सरकार प्रवासी उद्योगपति राजस्थानियों को पुन: मातृभूमि से जोड़ने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। खर्रा ने आश्वासन दिया कि कर्मभूमि से जन्मभूमि की ओर लौटने वाले हर प्रवासी का सम्मान करते हुए उनके कार्य में आ रही बाधाओं को सरकार द्वारा निश्चित रूप से दूर किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि शिव कुमार लोहिया ने राजस्थानी भाषा में दिए अपने उद्बोधन में प्रदेश के विकास में प्रवासी उद्योगपति बन्धुओं का सहयोग करने एवं उनके समक्ष आ रही बाधाओं के निराकरण का आग्रह किया तथा कर्म भूमि से मातृ भूमि की ओर के लिए चलने वाले अभियान को गति देने की बात कही। कमेटी के सचिव पवन जालान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# अलंकरण समारोह में अधिकारियों और जवानों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मिले पदक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस के तकनीकी स्तंभ पुलिस दूरसंचार द्वारा सोमवार को पुलिस दूरसंचार लाईन जयपुर में एक भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विभाग के उन जांबाज अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपनी विशिष्ट और उत्कृष्ट सेवाओं से विभाग का मान बढ़ाया है। इस समारोह के दौरान कुल 110 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा और तकनीकी दक्षता के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में पदकों से नवाजा गया। समारोह के दौरान 31 कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 38 को उत्कृष्ट सेवा पदक, 7 को डीजीपी डिस्क, 3 को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह, 9 को अति उत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 कार्मिकों को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था संजय अग्रवाल ने सभी पदक विजेताओं को पदक पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में



कहा कि पुलिस दूरसंचार विभाग राजस्थान पुलिस की रीढ़ की हड्डी है। आधुनिक अपराधों से निपटने के लिए तकनीक और संचार का सटीक होना अनिवार्य है और इन अधिकारियों ने अपनी मेहनत से इसे सिद्ध किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीजीएपुलिस साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं वीके सिंह उपस्थित रहे। जिनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को द्विगुणित किया। मंच पर निदेशक पुलिस दूरसंचार दौलत राम अटल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. हेमराज मीना ने भी शिरकत की। अधिकारियों ने सम्मानित होने वाले जवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर नवाचार और सेवाभाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। इनमे पुलिस निरीक्षक रतीराम मीनाए कालूराम मीना, साहब सिंह, उप निरीक्षक बनवारी लाल योगी, महेन्द्र सिंह, सुवाराम मीना शामिल है। इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद मीना, पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण कुमार सैन, विजेंद्र सिंह, महावीर प्रसाद मीणा, अनिल कुमार रेवाड़िया, नीतू चौहान, कैलाश चंद्र शर्मा, एकता गौतम, ओमप्रकाश वर्मा, भीमचंद, मेघराज मीणा, पुलिस निरीक्षक संदीप कुमार अहलावत, मूल सिंह खींची, राहुल भारद्वाज, प्रवीण चौधरी, सुरेश शर्मा, रमेश चंद शर्मा, राजेश कुमार चौधरी, प्रमिला कुमारी मुलानी, राजकुमार स्वामी, विजय कुमार जांगिड़, शंकर सिंह उदावत, रतन लाल यादव, कुलदीप सिंह, आशीष शर्मा, ओमप्रकाश माहिच, एएसआई नरेन्द्र, कांस्टेबल चालक रमेश कुमार, करण सिंह पुत्र दरब सिंह, करण सिंह पुत्र मांगीलाल, रामवीर सिंह, ओंमकार सिंह, रतनलाल को उत्कृष्ट सेवा पदक से नवाजा गया। अति उत्कृष्ट सेवा पदक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नंदकिशोर जाट, पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा, हरिनारायण कुम्हार, अमर राज, पुलिस निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा, रविन्द्र कुमार, ओमकारमल, हनुमान प्रसाद शर्मा, रोहित सिंह चौहान, सत्यपाल सिंह, उप निरीक्षक फतेह सिंह, धर्मवीर यादव, रमेश चंद, अशोक कुमार यादव, नेम सिंह, अजय सिंह, भागीरथ मल, एएसआई दीपक चंद सैन, गोविन्द राम, अनंत राम, हेड कांस्टेबल ठाकुर सिंह, छोटे लाल, लाखनपाल सिंह, रतन लाल गुर्जर शामिल है। उत्कर्ष सेवा पदक से पुलिस निरीक्षक गिरीराज प्रसाद शर्मा, उप निरीक्षक हीरा सिंह, अशोक कुमार शर्मा, गोपाल सिंह, एएसआई रहमत खॉ को सेवानिवृत्ति उपरांत और उपनिरीक्षक आदेश कुमार को मृत्यु उपरांत सम्मानित किया गया। डीजीपी डिस्क से पुलिस उपाधीक्षक कैलाश चंद शर्मा, अवनीश कुमार, प्रवीण सेन, पुलिस निरीक्षक रविंद्र तंवर, एएसआई कल्पा श्योराण, पंकज कटारिया और महेंद्र सिंह चौहान सम्मानित किया गया। वहीं सर्वोत्तम सेवा चिन्ह से 2 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया इनमे पुलिस निरीक्षक श्याम सिंह कांस्टेबल चालक ओंमकार शामिल है। इसी प्रकार अति उत्तम सेवा चिन्ह 7 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पुलिस निरीक्षक विजय कुमार जांगिड़, उप निरीक्षक बलवीर सिंह चौधरी, कांस्टेबल कुलवीर सिंह, हरकेश, कांस्टेबल चालक महेश कुमार शर्मा, अनिल गुसिया और भरती लाल शामिल है। इसके अलावा उत्तम सेवा चिन्ह से 18 पुलिस कर्मियों को नवाजा गया, जिसमे पुलिस निरीक्षक सुधीर चौधरी, प्रवीण चौधरी, उप निरीक्षक भंवरलाल, सहायक उप निरीक्षक रतन चौधरी, नरेंद्र कुमार बोहरा, महेंद्र पहाड़िया, विजयेंद्र, मनीष कुमार, शंकर लाल जाट, राधा मोहन मीणा, नरेंद्र कुमार, सुनील, कांस्टेबल सावित्री, देवराज, रुस्तम सिंह गुर्जर, कांस्टेबल चालक जयपाल सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत और राजेश कुमार शर्मा शामिल है। इन तीनों कैटेगरी में सेवानिवृत्ति पश्चात 7 पुलिसकर्मी सम्मानित हुए। सर्वोत्तम सेवा चिन्ह से उपनिरीक्षक नेम सिंह, अति उत्तम सेवा चिन्ह से पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश बलवदा और उत्तम सेवा चिन्ह से पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार, सुरेश चंद मीणा, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह और एएसआई छगनलाल को नवाजा गया।

## केंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वंदे मातरम् /150 कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शहीद स्मारक पर शहीदी दिवस के अवसर पर सोमवार को सायंकाल केंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, नगर सुधार न्यास एवं शेखावाटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी, यूआईटी सचिव जगदीश प्रसाद गोड, जिला समन्वयक राकेश कुमार लाटा, शेखावाटी फाउंडेशन के पवन कुमार शर्मा सहित अधिशाषी अभियंता बी.एल. मीना, भागीरथ बेरवाल, रघुनाथ प्रसाद सैनी, संत लाल पारीक, आलोक शर्मा, संजय खीचड़, मुकुश कुमार, गजानन रोहिल, दीपंकर शर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने केंडल जलाकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा उनके बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

## जिले में 23 से 30 मार्च तक होंगे विविध आयोजन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सीकर जिले में 23 से 30 मार्च 2026 तक श्वंदे मातरम् /150 के अंतर्गत विशेष चरण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से आमजन, विद्यार्थियों एवं युवाओं में शहीदों के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस 8 दिवसीय विशेष चरण में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन, उनके बलिदान एवं वंदे मातरम् के इतिहास से जुड़े प्रसंगों को केंद्र में रखकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले के शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों, जिला मुख्यालय, नगरपालिका क्षेत्रों तथा तहसील स्तर पर महत्वपूर्ण स्थलों पर वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके साथ ही वंदे मातरम् पर आधारित प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं पत्र लेखन प्रतियोगिताएं, म्यूजिकल थिएटर, एकल एवं सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमुख स्थलों पर ट्वीट वॉल एवं सेल्फी बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां आमजन वंदे मातरम् थीम पर फोटो एवं वीडियो साझा कर सकेंगे। साथ ही वंदे मातरम् पर आधारित लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें युवा सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से सार्वजनिक स्थलों पर शहीदी दिवस की थीम पर क्यूरेटेड वंदे मातरम् प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी तथा वंदे मातरम् से जुड़े ऑडियो संदेश, शॉर्ट फिल्म एवं अन्य विजुअल क्रिएटिव का प्रसारण भी किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, विद्यार्थियों एवं संस्थाओं से अपील की है कि वे इन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ करें।

## गैस सिलेंडर चोरी कर भागा स्कूटी सवार बदमाश

### कुछ ही दूरी पर स्कूटी फिसली तो लोगों ने दौड़ कर दबोचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बजाज नगर थाना इलाके में स्थित बरकत नगर के आदर्श बाजार में रविवार सुबह एक स्कूटी सवार दो बदमाशों को घर में घुसकर सिलेंडर चोरी करना भारी पड़ गया। सिलेंडर चोरी कर भागते वक्त बदमाश की स्कूटी अचानक से स्लिप हो गई और बदमाश सिलेंडर सहित जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दौड़ कर सिलेंडर चोर को दबोच लिया। वहीं दूसरा आरोपी स्कूटी लेकर भागने में कामयाब हो गया। स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य सिलेंडर चोरी की वारदातों को लेकर गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। डीसीपी ईस्ट संजीव नैन ने बताया कि थाना इलाके में स्थित बरकत नगर के आदर्श बाजार की गली नंबर-5 में एक स्कूटी सवार दो बदमाश घर में घुसे और बालकॉनी में रखा गैस सिलेंडर चोरी कर भागने लगा। इसी दौरान घबराहड में अचानक से उसकी स्कूटी स्लिप हो गई और वो गैस सिलेंडर समेंत जमीन पर गिर पड़े। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने रोहित 19 खूनघाट, फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी को दबोच लिया। वही दूसरा बदमाश स्कूटी लेकर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त लालकोठी सब्जी मंडी के पास किराए से रहता है। रोहित ने पूछताछ में बताया कि पैसे के लालच में वह किसी अन्य व्यक्ति के लिए यह काम कर रहा था। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## महिला थाने में पति से मारपीट, तीन तलाक केस में फंसाने की चेतावनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के महिला थाना पश्चिम में तलाक से जुड़े मामले के दौरान उस समय हंगामा हो गया, जब दहेज का सामान जमा करवाने पहुंचे एक युवक के साथ उसकी पत्नी और परिजनों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने मुरलीपुरा थाने में पत्नी और उसकी बहन के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार झोटवाड़ा निवासी 30 वर्षीय युवक ने रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2025 में उसकी पत्नी ने महिला थाना पश्चिम में उसके खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कराया था।

न्यायालय के आदेशानुसार बकाया स्त्री धन जमा करवाने के लिए वह 20 मार्च को अपने परिजनों के साथ महिला थाने पहुंचा था। इस दौरान उसकी पत्नी अपनी बहन और 4-5 अन्य लोगों के साथ वहां मौजूद थी। रिपोर्ट के मुताबिक बकाया सामान प्रस्तुत करने के बाद पति-पत्नी पुलिस अधिकारी के सामने बैठे थे। इसी दौरान पत्नी अचानक उठी और पति को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद उसने अपनी बहन के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट की और उसे ष्तीन तलाक के मामले में फंसाने की धमकी दी। घटना के दौरान थाने में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और परिजनों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को शांत कराया।

पीड़ित युवक बाद में अपने परिजनों के साथ मुरलीपुरा थाने पहुंचा, जहां उसने पत्नी और उसकी बहन के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उपमुख्यमंत्री बैरवा 26 को करेंगे एमजेडी महाविद्यालय में निर्माण कार्यों का लोकार्पण

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में भामाशाह ताराचंद गोयल की ओर से नवनिर्मित विज्ञान भवन के नवीन कक्षा कक्षों का लोकार्पण 26 मार्च को किया जाएगा तथा साथ ही भामाशाह सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। समारोह में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ करेंगे। विशिष्ठ अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण, पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया सहित उपस्थित रहेंगे। भाजपा नगर मंडल



अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल ने बताया कि आगामी 26 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे माँ जालपा देवी महाविद्यालय में आयोजित होने वाले भव्य लोकार्पण एवं सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल, शिक्षक नेता वीरबहादुर सिंह राठौड़, लीलाधर प्रजापत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, नंदू पटीर युवा मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद हरी इंदौरिया, किशन सहारण, मुकेश शर्मा, त्रिलोक रैगर, मनोहर सैनी, अशोक जांगिड़, पुष्कर शर्मा सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि कार्यक्रम सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके।

## राजस्थान के परम्परागत घूमर नृत्य ने मचाई धूम



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्वभारती संस्थान के 36वें स्थापना दिवस समारोह के द्वितीय चरण का आयोजन आचार्यश्री महाश्रमण आडिटोरियम में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ की अध्यक्षता एवं जैन विश्व भारती के अध्यक्ष अमरचंद लूंकड़ के मुख्य आतिथ्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हर्षिता कोठारी एवं समूह ने भारत के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों का मनभावन प्रस्तुतिकरण किया। सलोनी एवं समूह ने राजस्थान के पारम्परिक घूमर नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर सबको संस्कृति के रंगों में सराबोर कर दिया। कोमल एवं समूह ने गायन, वादन एवं नृत्य के माध्यम से राजस्थानी लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। मिताली एवं समूह ने भारत के त्योहारों को लेकर अपनी प्रस्तुति दी। हिमांगिनी एवं समूह ने चार युगों की यात्रा की आकर्षक प्रस्तुति दी तथा योग विभाग के 28 सदस्यों ने योगासनों की प्रस्तुतियां देकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। इसी प्रकार उल्लेखनीय सेवाओं के लिए कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। प्रारम्भ में स्वागत वक्तव्य स्नेहा शर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रो. जिनेन्द्र जैन, प्रो. बीएल जैन, प्रो. लक्ष्मीकांत व्यास, अभिनव सक्सेना, दीपाराम खोजा, पंकज भटनागर, सचिन अरोड़ा, डॉ बलबीर सिंह चारण, डॉ गिरीराज भोजक, डॉ जेपी सिंह आदि मौजूद रहे। संयोजन डॉ लिपि जैन एवं डॉ नीलम द्वारा किया गया।

## कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की सख्ती से छेड़छाड़ करने वालों पर कार्रवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। यूनिट द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थलों-शैक्षणिक संस्थानों, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी, मॉल, पार्क और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। पहले मामले में कालिका पेट्रोलिंग टीम की महिला



कांस्टेबल सुनीता और सुशीला ने हरमाड़ा थाना क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान एक व्यक्ति को अपनी भतीजी के साथ मारपीट और अभद्र भाषा का उपयोग करते पकड़ा, जिसके खिलाफ कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में टीम की महिला कांस्टेबल सुमन और मुन्नी ने मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान एक महिला से अभद्र टिप्पणी कर दोस्ती का दबाव बनाने वाले असामाजिक तत्व को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया हेल्पलाइन जारी किए गए हैं, जिन्हें मोबाइल में सेव कर किसी भी आपात स्थिति में कॉल, मैसेज, ऑडियो या वीडियो के माध्यम से सूचना दी जा सकती है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे सक्रिय रहती है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## गूंजी बालकांड व अयोध्या की चौपाइयां

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नवरात्रा के अवसर पर श्री राधे रानी प्रभातफेरी मंडल के तत्वावधान में नेहरु नगर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में चल रहे 31वे नवान्ह पारायण महोत्सव के तहत सोमवार को बालकांड की 3 व अयोध्या कांड 119 चौपाइयों के पाठ हुए। इस दौरान चौपाइयों की मधुर स्वर लहरियों से गुंजायमान होता रहा। आयोजन से जुड़े राम चरण पीतलिया व मोहन लाल अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर व्यासपीठ से रामस्वरूप नाटाणी ने जब ते रामु ब्याहि घर आए, नित नव मंगल मोद बधा, भुवन चारिदस भूधर भारी, सुकृत मेघ बरषहिं सुख बारी, जब तें रामु ब्याहि घर आभुवन चारिदस भूधर भारीरिधि सिधि संपति नदीं सुहाई, मनिगन पुर नर नारि सुजाती कहि न जाइ कछु नगर बिभूती मुदित मातु सब सखीं सहेली और सब बिधि सब पुर लोग सुखारी श्रीरामचरित मानस की बालकांड की 3 व अयोध्या कांड 116 चौपाइयों का पाठ किए। यह पाठ 251 आसनों पर हुए।

## खण्डेला की पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनायेंगे

निसं

**कांवट ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय किसान जननेता स्व. गोपाल सिंह खण्डेला पूर्व मंत्री, राज. सरकार की 28 वीं पुण्यतिथि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके मूर्ति स्थल सोनगिरी बावड़ी खंडेला पर मंगलवार को मनाई जाएगी। उनके पुत्र व पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री बंशीधर खंडेला ने बताया कि किसान नेता कि 28 वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मंगलवार को उनकी मूर्ति स्थल, सोनगिरी बावड़ी, खण्डेला में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मनाएंगे। खंडेला ने अपने समय में आम जरुरतमंद हर किसान मजदूर की सेवा में अपना जीवन संघर्षों व समर्पण में पूरा किया था। जिससे उनकी पहचान हर सर्वहारा की सेवा के रुप में हुई। जिससे उसको याद किया जाता है। खण्डेला क्षेत्र एवं आस पास के किसान तथा उनके अनुयायी पुण्य तिथि पर कार्यक्रम में भाग लेकर खण्डेला की मूर्ति पर पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे।

## शाकंभरी सकराय धाम तक विशाल निशान पदयात्रा 26 को



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे में आगामी 26 मार्च को मां शाकंभरी कुटुंब परिवार के तत्वाधान में उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक विशाल निशान पैदल यात्रा निकाली जाएगी स शाकंभरी कुटुंब परिवार के मूलचंद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचवटी के पास स्थित खेल मैदान के पास गणेश मंदिर से उदयपुरवाटी से सकराय धाम तक निकाली जाने वाली विशाल निशान पदयात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते हुए हाथों में निशान लेकर माता के जयकारे लगाते हुए पहुंचेंगे। पैदल निशान यात्रा का रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया जाएगा। 26 मार्च को ही सायंकाल सभी निशान माता के दरबार में अर्पित किए जाएंगे स रास्ते में पैदल यात्रियों के लिए मां शाकंभरी कुटुम सकराय धाम की तरफसे चाय पानी नाश्ते की भी व्यवस्था की गई है।

## वर्तमान में काम की नहीं, हुनरमंद युवाओं की कमी : राय

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में सोमवार को एनआईआईटी लिमिटेड, गुरुग्राम की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो (डॉ) अनिल कुमार राय एवं अकादमिक निदेशक और डॉ आरसी मीणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में काम की कमी नहीं है बल्कि काम करने वाले दक्ष और समर्पित लोगों की कमी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद अब विवि के स्वरूप बदल रहे है, अब हर विद्यार्थी के पास कोई न कोई हुनर और कौशल अवश्य होना चाहिए। इंटर्नशिप और इंडस्ट्री कोलोबरेशन



भी आज की आवश्यकता है। कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने कहा प्लेसमेंट केवल करियर की शुरुआत है असली चुनौती वहां स्वयं को स्थापित करना और निरंतर आगे बढ़ना है। इसके लिए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को समय की बर्बादी बताते हुए छात्रों को इसे नियंत्रित करने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच और 100 प्रतिशत आत्मविश्वास के साथ कॉर्पोरेट जगत के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। विवि के प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ आरसी मीणा ने स्वागत भाषण दिया। एनआईआईटी लिमिटेड के एसोसिएट सोर्सिंग पार्टनर हेड मनोज कश्यप ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एचडीएफसी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए भर्ती की जाएगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्क्रीनिंग के बाद विभिन्न चरणों से गुजरना होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय परिसर सहित सीकर और झुंझुनू जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विवि के प्लेसमेंट सेल के सह संयोजक डॉ डीपी सिंह, एनआईआईटी के सीनियर मैनेजर ऋषभ गौतम, प्रतिभा चौधरी एवं असिस्टेंट काउंसलर निशु सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, फेकल्टी मैंबर्स और सभी विभागों के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। संचालन प्रबंधन विभाग की डॉ ममता वर्मा ने किया।

## शोभायात्रा को लेकर किया सम्पर्क



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। शोभायात्रा की तैयारियों के तहत विभिन्न गांवों में संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर ध्वज, पोस्टर एवं निमंत्रण पत्र वितरित किए और लोगों को अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस आयोजन को लेकर खासा जोश और उत्सुकता नजर आई। ग्रामीण संपर्क सयोजक शिवदयाल पारीक ने बताया कि इस वर्ष रामनवमी शोभायात्रा को और अधिक भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। यात्रा में झांकियां, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग का आश्वासन दिया है, जिससे इस बार की शोभायात्रा ऐतिहासिक होने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीण सह संपर्क संयोजक रोहितास सोनी, बाबूलाल सोनी, हरीश जांगिड़ आदि कार्यकर्ता साथ रहे।

## खोखर बने कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला सचिव

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग के महासचिव सागर मावर ने धीरवास बड़ा गांव निवासी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शाहरुख खोखर को प्रकोष्ठ की चूरू जिला कमेटी में जिला सचिव मनोनीत किया है। महासचिव मावर ने खोखर की नियुक्ति प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष के निर्देश पर की है। खोखर के सचिव बनने पर समाज के लोगों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

## मनरेगा कार्यों में अनियमितता पर तीन कार्मिकों पर शास्ति

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** लोकपाल मनरेगा जिला परिषद सीकर हरिराम ने बताया कि परिवाद संख्या 27/2025-26 में प्रस्तुत पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के अवलोकन के उपरांत यह पाया गया कि ग्राम पंचायत भूदोली, पंचायत समिति नीमकाथाना में मनरेगा कार्यों के क्रियान्वयन के दौरान संबंधित कार्मिकों द्वारा राज्य सरकार के आदेशों एवं विभागीय दिशा-निर्देशों की समय पर पालना नहीं की गई तथा आवश्यक कार्यवाही में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण संबंधित दिवस का भुगतान भी समय पर नहीं किया गया। जांच में ग्राम विकास अधिकारी की पर्यवेक्षणीय लापरवाही पाई गई। साथ ही कनिष्ठ सहायक द्वारा मेट भवानी मीणा से साप्ताहिक अवकाश गुरुवार के दिन श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करवाना तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायक द्वारा माप पुस्तिका संख्या 1195 के पृष्ठ संख्या 61 से 64 पर मस्टर रोल नंबर, सृजित मानवदिव, माप तिथि एवं अन्य आवश्यक विवरण अंकित नहीं करना भी दोषपूर्ण पाया गया। इस तथ्यों के आधार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 25 के अंतर्गत कैलाश चंद्र सैनी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भूदोली पर रुपये 500 की शास्ति अधिरोपित की गई है तथा उन्हें भविष्य में नियमानुसार कार्यों का पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार बनवारी लाल, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत भूदोली पर रुपये 1000 तथा प्रदीप कुमार मीणा कनिष्ठ तकनीकी सहायक पंचायत समिति नीमकाथाना पर रुपये 1000 की शास्ति अधिरोपित की गई है। दोनों को भविष्य में नियमानुसार कार्य करते हुए माप पुस्तिका में समस्त प्रविष्टियां सुनिश्चित करने एवं समय-समय पर मनरेगा कार्यों का पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त विकास अधिकारी, पंचायत समिति नीमकाथाना को निर्देशित किया गया है कि साप्ताहिक अवकाश के दिन उपस्थिति दर्ज करने वाले मेट भवानी मीणा की आईडी को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए। लोकपाल ने विकास अधिकारी, पंचायत समिति नीमकाथाना को निर्देश दिए हैं कि दिये गये निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए 15 दिवस के भीतर प्रमाण सहित अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर भारत की जनवादी नौजवान सभा दांतारामगढ़ द्वारा आयोजित 39वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन सोमवार को दांता में हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नवलगढ़ और एरिया दांता के बीच खेला गया, जिसमें एरिया दांता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कीए जबकि नवलगढ़ की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के संयोजक इंद्र सिंह लाम्बा ने बताया कि दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ भाग लिया। नौजवान सभा के तहसील सचिव घनश्याम सांखला के अनुसार, विजेता टीम को 7100 रुपये और उपविजेता टीम को 5100 रुपये देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जनवादी नौजवान सभा की पहल की सराहना करते हुए कहा कि शहीदों की स्मृति में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। समापन के बाद शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शहीद अमर रहे के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजक, पूर्व खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 की तैयारियों के तहत राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के निर्देशानुसार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 24 मार्च 2026 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रतन कुमार ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा के लिए 24 मार्च 2026 को प्रात: 11 बजे बैठक आयोजित की जाएगी।

# शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि एवं वंदे मातरम् आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शहीद दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सीकर द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सीओएल जेएस लाम्बा एसएम कमांडिंग ऑफिसर, 3 राज बटालियन एनसीसी सीकर, एनबी सब दिनेश पटेल तथा 3 राज बटालियन एनसीसी सीकर के लगभग 20 एनसीसी कैडेट्स के साथ ही पूर्व सैनिक भी वार मेमोरियल में रिट्रीटिंग के लिए उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रजेन्द्र सिंह महला, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, एनसीसी कैडेट्स एवं पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया।

सभी ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका त्याग एवं समर्पण सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा तथा युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।



## एक दिवसीय राजस्थानी भाषा कार्यशाला आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजस्थानी भाषा के जाने-माने चिंतक व मोटीवेशनल स्पीकर राजवीर सिंह चलकोई ने कहा है कि वर्तमान में आधुनिक शिक्षा के साथ ही अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना अत्यंत आवश्यक है। वे यहां जैन विश्वभारती की सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आचार्य महाश्रमण आडिटोरियम में आयोजित परंपरा री छाँव में भविष्य रो निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर आत्मविकास की दिशा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

प्रो. लक्ष्मीकांत व्यास ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा, संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहकर ही हम सशक्त पहचान बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। कार्यशाला में 350 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संयोजन जीनत एवं सिद्धि ने किया।

## सिक्योरिटी गार्ड की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गलतागेट थाना इलाके में अज्ञात बदमाश ने सिक्योरिटी गार्ड की पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सड़क पर सिक्योरिटी गार्ड का शव देश राहगीरों में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने घटना स्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर हमलावर की तलाश शुरु कर दी है। गलता गेट थाना प्रभारी धर्म सिंह ने बताया कि थाना इलाके में स्थित बास बदनपुरा में किसी अज्ञात बदमाश ने प्रमोद कुमार 51 निवासी दखली मैनपुरी उत्तर प्रदेश की कनपटी पर पत्थर से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। और मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक प्रमोद कुमार काम के सिलसिले में 5 महीने पहले ही अपने गांव से जयपुर आया था और किराए के मकान में रहे रहा था।

## शहीद दिवस पर एनएसयूआई की श्रद्धांजलि सभा आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहीद दिवस के अवसर पर एनएसयूआई द्वारा नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में छात्रों का संकल्प: शहीदों को समर्पित शीर्षक से भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विनोद जाखड़ के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों छात्र एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा में महान स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के अद्वितीय बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं के लिए संकल्प का अवसर है-उन आदर्शों, मूल्यों और संघर्ष की भावना को अपनाने का जिनके लिए शहीदों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने युवाओं से देशभक्ति, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मनीष शर्मा, कन्हैया कुमार और डॉ. अंशुल त्रिवेदी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और समानता की स्थापना के लिए निरंतर संघर्ष का संकल्प लिया।

अंत में उपस्थित जनों ने विश्वास व्यक्त किया कि शहीदों का बलिदान केवल इतिहास तक सीमित नहीं, बल्कि हर भारतीय के दिल में जीवित है और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्कांडो चैंपियनशिप से लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

निसं

**बगड़ ( नवयत्न )।** स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी के खिलाड़ियों ने उड़ीसा के बालासोर स्थित फकीर मोहन यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्कांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। एकेडमी के डायरेक्टर राकेश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि से 20 मार्च तक आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में एकेडमी की खिलाड़ी मुस्कान भारद्वाज, दीपिका डांगी, सोनिया सैनी व मनीषा डेलू ने भाग लेकर बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से लौटने पर सभी खिलाड़ियों का एकेडमी में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। इस अवसर पर कोच निखिल सैनी, अकाउंटेंट पूनम कुमावत, गुरु दयाल सैनी, रजनीकांत शर्मा, योगेंद्र सैनी, कौशल सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## दीक्षित की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** महर्षि परशुराम पीजी कॉलेज दांता में स्वर्गीय डॉ. बालमुकुंद दीक्षित की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 437 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

महाविद्यालय निदेशक सुरेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को आयोजित इस शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर, श्री कल्याण अस्पताल सीकर, मित्तल ब्लड बैंक सीकर तथा जीवन ज्योति चौमूं की टीमों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर का शुभारंभ जालूंड मंदिर के सेवक शरणदास महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रक्तदाताओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों ने स्व. डॉ. बालमुकुंद दीक्षित के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शिविर में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं एवं युवतियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाता, गणमान्यजन एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पी.डी. कुमावत एवं पवन शर्मा ने किया।

## झुंझुनू नागरिक मंच ने किया नवागंतुक पुलिस अधीक्षक का सम्मान

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में समाजसेवा व सरोकार कार्यो में लंबे समय से कार्यरत झुंझुनू नागरिक मंच के पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओं ने नवागंतुक जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर से भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसपी सागर ने नागरिक मंच के द्वारा पिछले कई वर्षों से किए गए सेवा सरोकार के विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जरुरतमंद लोगों को व कच्ची बस्तियों में पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने, रोड सेफ्टी को लेकर बिना हेलमेट चलने वाले दुपहिया वाहन चालकों को समझाइस कर हेलमेट वितरण, युवाओं को नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने जैसे कार्य सराहनीय हैं। इस अवसर पर मंच के जिला संयोजक उमाशंकर महमिया, विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष एवं भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, विप्र फाउंडेशन जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, प्रकाश सुरोलिया डब्लू आदि उपस्थित रहे।

## पुरुष एकल गायन 27 को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा 27 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 बजे से चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में पुरुष एकल गायन (द्वितीय) प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस नि:शुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है पहला ग्रुप अ जिसमे 18 वर्ष तक के लड़के/युवा भाग ले सकते है दूसरा ग्रुप ब में 18 वर्ष से उपर के लड़के/पुरुष भाग ले सकते है। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव फ्रेंक्लिन, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन सुरेश कुमार चोटिया व सागर मल शर्मा बनाये गए है।

## बाल आधार नामांकन हेतु ऑपरेटर ऑन बोर्डिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला प्रशासन द्वारा बाल आधार सीईएलसी केंद्रों के संचालन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। उपनिदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग दीपा राणासरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की पंचायत समितियों, नगरीय क्षेत्रों एवं चिन्हित स्थानों पर नए सीईएलसी आधार केंद्र स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों पर आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्य के संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर ऑपरेटर ऑन बोर्डिंग की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह कार्य रजिस्ट्रार सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अधीन नामांकन एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा तथा चयनित ऑपरेटरों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के नियमों के अनुसार कार्य हेतु आईडी एवं क्रेडेंशियल जारी किए जाएंगे। राणासरिया के अनुसार इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपनी एसओएस आईडी के माध्यम से जी2सी राजाधार के तहत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन प्रक्रिया 19 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पात्रता, शर्तों एवं चिन्हित केंद्रों की विस्तृत जानकारी जिला प्रशासन की आधिकारिक तथा आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उपनिदेशक ने सभी योग्य अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि इस पहल से जिले में आधार सेवाओं की पहुंच और अधिक सुलभ एवं प्रभावी होगी।

## 1 अप्रैल से संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान, वार्ड व ग्राम स्तर पर होंगे अध्यक्ष नियुक्त : डोटासरा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर में संगठन विस्तार की कवायद तेज कर दी गई है। इसके तहत नवगठित ग्राम पंचायतों में अध्यक्ष तथा सभी नगर निकायों के वार्डों में वार्ड अध्यक्ष नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह जानकारी प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर में मीडिया को संबोधित करते हुए दी। डोटासरा ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ 30 दिवसीय अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक वार्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर अध्यक्ष नियुक्त कर 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। अभियान के माध्यम से वार्ड, ब्लॉक और जिला स्तर पर जन-जागरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार हार के डर से नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव जानबूझकर टाल रही है।

ओबीसी प्रतिनिधित्व आयोग के गठन में देरी, संसाधनों की कमी और रिपोर्ट को आधार बनाकर चुनाव टालना लोकतंत्र पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि कभी ष्वन स्टेट.वन इलेक्शन तो कभी परिसीमन के नाम पर चुनाव टाले जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण विकास प्रभावित हो रहा है। डोटासरा ने यह भी कहा कि दूषित मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराने की तैयारी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफहै, जबकि चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया पूरी कर चुका है। अभियान के तहत डोटासरा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के साथ प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करेंगे। 2 और 3 अप्रैल को ब्यावर और बालोतरा का दौरा प्रस्तावित है।

इसके अलावा रसोई गैस की किल्लत को लेकर भी कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा। डोटासरा ने कहा कि गैस संकट के कारण आमजन, होटल, रेस्टोरेंट और छात्रावास प्रभावित हो रहे हैं तथा हजारों लोग बेरोजगार हुए हैं। इसके विरोध में 27 मार्च 2026 को जयपुर के शहीद स्मारक पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## भगवा रैली पोस्टर का हुआ विमोचन

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे में पांच बत्ती के निकट गणेशजी के मंदिर में भगवा रैली का पोस्टर विमोचन किया गया। 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली भगवा रैली का प्रचार-प्रसार जोर शोर से किया जा रहा है। इस बार भी हर साल की भांति ऐतिहासिक भगवा रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर तहसील संयोजक रणसिंह, सुनिल कुमार नगर संयोजक, अशोक, रामकृष्ण, प्रियांशु, मंगल, अशोक सैनी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी जिला सीकर (राज.)**
बाईपास न्यू बस स्टेण्ड रोड, Ph-1571240246 ramgarh.jaipur@gmail.com

क्रमांक:- न.पा.रा./25-26/1080 दिनांक : -18.03.2026

**RFP Notice 42/2025-26**

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से निविदा दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी लोक उपापन पोर्टल http://sppp.raj.nic.in पर NIB Code DLB2526B3214 Bid Title / (UBN) DLB2526WSOB39364 एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

नोट:- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगढ (सीकर)

राज.संवाद/सी/25/23043